इंडिया एक्ज़िम बैंक
India Exim Bank

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2019-20

इंडिया एक्ज़िम बैंक का उद्देश्य भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का संवर्धन करना है। बैंक के प्रतीक चिन्ह का दुतरफ़ा वैशिष्ट्य है। आयात से संबन्धित भुजा निर्यात वाली भुजा से पतली है जो निर्यातों में मूल्ययोजन के उद्देश्य को प्रदर्शित करता है।

India Exim Bank aims to promote India's international trade. The Bank's Logo depicts the two-way significance. The import arrow is thinner than the export arrow, which reflects the aim of value addition to exports.

उद्देश्य

भारतीय निर्यात-आयात बैंक की स्थापना देश के अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संवर्धन की दृष्टि से निर्यातकर्ताओं को वित्तीय सहाता प्रदान करने के लिए तथा माल और सेवाओं के निर्यात और आयात के वित्तपोषण में लगी संस्थाओं के कार्यकरण का समन्वय करने के लिए प्रमुख वित्तीय संस्था के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से की गई है...

: भारतीय निर्यात-आयात बैंक अधिनियम, 1981

Objectives

The Export-Import Bank of India was established for providing financial assistance to exporters and importers, and for functioning as the principal institution for co-ordinating the working of institutions engaged in financing export and import of goods and services with a view to promoting the country's international trade...

: The Export-Import Bank of India Act, 1981

विषय वस्तु CONTENTS

निदेशक मंडल
Board of Directors 02

प्रबंध निदेशक का वक्तव्य
Managing Director's Statement 04

आर्थिक परिवेश
Economic Environment 11

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report 15

व्यवसाय परिचालन
Business Operations 25

वित्तीय विवरण
Financial Statements 71

निर्यात विकास कोष
The Export Development Fund 173

निदेशक मंडल BOARD OF DIRECTORS

भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक
Directors representing the Government of India

श्री बिद्युत बिहारी स्वैन
विशेष सचिव
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Shri Bidyut Behari Swain
Special Secretary
Department of Commerce
Ministry of Commerce and Industry

श्री आनंद सिंह भाल
वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Shri Anand Singh Bhal
Senior Economic Adviser
Ministry of Commerce and Industry

भारतीय रिज़र्व बैंक, संस्थाओं और वाणिज्यिक बैंकों से निदेशक
Directors from the Reserve Bank of India, Institutions and Commercial Banks

श्रीमती इंद्राणी बनर्जी
कार्यपालक निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक

Smt. Indrani Banerjee
Executive Director
Reserve Bank of India

श्री रजनीश कुमार
अध्यक्ष
भारतीय स्टेट बैंक

Shri Rajnish Kumar
Chairman
State Bank of India



श्री एम. सेंथिलनाथन
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
ईसीजीसी लिमिटेड

Shri M. Senthilnathan
Chairman-cum-Managing Director
ECGC Ltd.

पूर्णकालिक निदेशक
Whole-time Directors



श्री डेविड रस्कीना
प्रबंध निदेशक

Shri David Rasquinha
Managing Director

सुश्री हर्षा बंगारी
उप प्रबंध निदेशक

Ms. Harsha Bangari
Deputy Managing Director

श्री के. राजारमन
अपर सचिव (निवेश)
आर्थिक कार्य विभाग
वित्त मंत्रालय

Shri K. Rajaraman
Additional Secretary (Investment)
Department of Economic Affairs
Ministry of Finance

श्री पंकज जैन
अपर सचिव
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय

Shri Pankaj Jain
Additional Secretary
Department of Financial Services
Ministry of Finance

श्री राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

Shri Rakesh Sharma
Managing Director & CEO
IDBI Bank Ltd.

श्री राजकिरन राय जी.
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Shri Rajkiran Rai G.
Managing Director & CEO
Union Bank of India

श्री ए. एस. राजीव
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

Shri A. S. Rajeev
Managing Director & CEO
Bank of Maharashtra

(यथा 23 जून, 2020/As on June 23, 2020)

प्रबंध निदेशक का वक्तव्य
MANAGING DIRECTOR'S STATEMENT



जैसे ही हम 2019-20 की ओर देखते हैं, कोविड-19 महामारी ज़ेहन में उभरने लगती है, जिसने इस साल की चौथी तिमाही में पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था। अपने मूल स्थान से तेजी से लगातार फैले इस वायरस ने दुनिया में लाखों लोगों को इस बीमारी से ग्रसित किया और दुनिया ने मौत का मंजर देखा। हालांकि भारत भी इस वायरस से बच नहीं पाया। तथापि, जनसंख्या को देखते हुए, संक्रमण और मृत्यु दर अपने देश में तुलनात्मक रूप से कम रही। हालांकि यह इसके कहर से शोक संतप्त लोगों के लिए थोड़ी राहत की बात रही, लेकिन जिन्होंने अपनों को खोया उनके साथ हम सहानुभूति रखते हैं। इस महामारी के चलते आर्थिक गतिविधियां मंद पड़ गईं, क्रय शक्ति कम होने लगी और बेरोजगारी बढ़ने लगी। इस तरह इसने दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया। चिकित्सा विज्ञान अनवरत इसके उपचार खोज रहा है और वैक्सीन विकसित करने के प्रयास निरंतर जारी हैं। इस सबके बीच हम डॉक्टरों, नर्सों और अन्य मेडिकल प्रोफेशनलों के आभारी हैं, जो कोविड के विरुद्ध इस युद्ध में मोर्चे पर डटे हैं।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि कम लागत पर ऋण प्राप्त करने या कैपेक्स स्थगन के लिए उधारकर्ताओं द्वारा लिए गए ऋणों के पूर्व-भुगतान के चलते बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियो को 6.23 प्रतिशत तक बढ़ाने में सफल रहा है। भारत सरकार की ओर से तथा उनके निर्देश पर किया गया पॉलिसी बिजनेस वर्ष के अंत में, कुल ऋण पोर्टफोलियो का 60 प्रतिशत रहा।

As we look back on 2019-20, the abiding image is that of the COVID-19 pandemic which began to sweep the world in the fourth quarter of the year. Spreading swiftly and inexorably from its origin, the virus has tragically infected millions of people across the globe with disease, debility and death. India has not been spared, though we are perhaps fortunate in a lower infection as well as mortality rate relative to our size. That is however small comfort to the afflicted and the bereaved, and our hearts go out to those who have lost loved ones. The economic impact of the pandemic globally has also been severe in terms of lost economic activity, reduced spending, rising unemployment and so on. Medical science is racing to find therapeutic measures and vaccines to stem the disease. Meanwhile we owe a debt of gratitude to the doctors, nurses and other medical professionals who are on the front lines of the war against COVID.

In sum, the Bank was able to grow its loan portfolio by 6.23 per cent, in the face of pre-payment of loans taken by high-rated borrowers who preferred to refinance at lower cost or defer capex. At the year end, the Policy Business done on behalf and at the behest of the Government of India (GOI)

वाणिज्यिक व्यवसाय में पूर्व भुगतानों तथा ऋण पोर्टफोलियो के क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार लाने के लिए बैंक द्वारा लागू किए गए सख्त फिल्टरिंग मानकों के चलते वाणिज्यिक व्यवसाय 40 प्रतिशत रहा, जबकि पॉलिसी बिजनेस में निरंतर वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, वाणिज्यिक व्यवसाय का 80 प्रतिशत से अधिक पोर्टफोलियो निवेश ग्रेड का हो गया है, जिससे स्लिपेज की संभावना कम हुई है (जैसा कि स्लिपेज अनुपात में गिरावट से प्रदर्शित होता है)। विवेकपूर्ण प्रावधान के साथ खराब ऋणों की वसूली पर अधिक ध्यान देने से, बैंक की निवल अनर्जक आस्तियां (नेट एनपीए) घटकर निवल ऋणों की मात्र 1.77 प्रतिशत रह गई हैं। प्रावधान कवरेज अनुपात 88.76 प्रतिशत रखा गया है, ताकि भविष्य में पुराने एनपीए के चलते परेशानी न हो। बैंक का गैर-निधिक पोर्टफोलियो, ऋण पोर्टफोलियो की तुलना में तेजी से बढ़ा है। यह भारतीय निर्यातकों द्वारा हासिल की गई परियोजना निर्यात संविदाओं को प्रदर्शित करता है, जिसके लिए बैंक द्वारा गारंटियां प्रदान की गई हैं।

2019-20 के दौरान एक्ज़िम बैंक का कार्य निष्पादन अच्छा रहा और बैंक ने विभिन्न मानदंडों पर निम्नलिखित अनुसार उच्चतर उपलब्धि हासिल कीः

comprised 60 per cent of the loan portfolio, while the Commercial Business stood at 40 per cent. The growth in the Policy Business has been more sustained due to the above mentioned pre-payments in the Commercial Business as well as tighter filtering standards implemented by the Bank to improve the credit profile of the loan portfolio. As a result, over 80 per cent of the Commercial Business is rated Investment Grade, materially reducing the probability of slippage (as evidenced by the drop in the Slippage Ratio). Intensive focus on recovery of bad loans, combined with prudential provisioning, have reduced net NPAs to just 1.77 per cent of the net loans, with a Provision Coverage Ratio of 88.76 per cent, implying minimal legacy pain going forward. The non-funded portfolio has grown even faster than the loan portfolio, reflecting project export contracts secured by Indian exporters, for which guarantees have been provided by the Bank.

Exim Bank has turned in a sound business performance during 2019-20, with demonstrably higher achievement on numerous parameters, as under:

मानदंड Parameter (A – H ₹ बिलियन में in Billion, I – L in % में)		Performance in 2019-20 में निष्पादन	Performance in 2018-19 में निष्पादन	Growth over 2018-19 से वृद्धि
A.	ऋण पोर्टफोलियो/Loan Portfolio	994	936	6.23%
B.	गैर-निधिक पोर्टफोलियो/Non-Funded Portfolio	159	141	12.59%
C.	ग्राहक आस्ति पोर्टफोलियो (ए+बी)/ Customer Asset Portfolio (A+B)	1,153	1,087	7.06%
D.	कुल उधारियां/Total Borrowings	1,051	923	13.93%
E.	कुल व्यवसाय (सी+डी)/Total Business (C+D)	2,204	2,000	10.23%
F.	प्रति कर्मचारी व्यवसाय/Business per Employee	6.21	5.71	8.76%
G.	कर पूर्व लाभ/Profit Before Tax	2.44	1.87	30.48%
H.	कर पश्चात लाभ/ Profit After Tax	1.24	0.82	51.22%
I.	निवल अनर्जक आस्तियां/Net Non-Performing Assets	1.77%	2.44%	(67 bps)
J.	जोखिम भारित आस्ति पूँजी अनुपात/ Capital to Risk Weighted Assets Ratio	20.13%	19.07%	106 bps
K.	प्रावधान कवरेज अनुपात/Provision Coverage Ratio	88.76%	84.72%	404 bps
L.	स्लिपेज अनुपात/Slippage Ratio	1.94%	2.74%	(80 bps)

बैलेंस शीट को मजबूत करने और भावी वृद्धि के लिए पूँजी प्रदान करने के लिए वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के जरिए, भारत सरकार की ओर से दिए जाते रहे निरंतर सहयोग के लिए हम उनके विनम्र आभारी हैं। यथा 31 मार्च, 2020 को हमारा लिवरेज मल्टीपल 8.10 (अधिकतम अनुमेय 10.0) रहा है, जो पूँजी के उच्च उपयोग तथा भावी वृद्धि की गुंजाइश को दर्शाता है। यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूँजी अनुपात (सीआरएआर) 20.13 प्रतिशत की मजबूत स्थिति में रहा। हालांकि यह अनुपात, ऋण-व्यवस्थाओं/रियायती वित्त योजना के अंतर्गत ऋणों के लिए भारत सरकार द्वारा गारंटी दिए गए ऋण के लिए शून्य जोखिम भार लेने के चलते थोड़ा अधिक है; किन्तु यदि इनके लिए भी हम 50 प्रतिशत का जोखिम भार ले लें तो भी, समायोजित सीआरएआर 14.84 प्रतिशत रहेगा, जो एक अच्छी स्थिति और वृद्धि की संभावनाओं को दर्शाता है।

बैंक ने जनवरी 2020 में 10 वर्षीय बॉन्ड के जरिए 1 बिलियन यूएस डॉलर जुटाकर अंतरराष्ट्रीय ऋण पूँजी बाजारों में अपना उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाए रखा है। बैंक ने यह राशि किसी भी भारतीय जारीकर्ता के लिए 10 वर्षीय बॉन्ड में सबसे कम कूपन दर पर जुटाई। बैंक ने क्रेडिट के मामले में सचेत रहने वाले जापान में समुराई बॉन्ड बाजार को भी टैप किया है, और (अवधारणा के रूप में) बैंक ने एक छोटी पेशकश के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व वाले बॉन्ड बाज़ार में भी अपनी पैठ बनाई है, जो एक नया बाज़ार है। जनवरी 2015 के बाद से पिछले पांच वर्षों में, बैंक विदेशों में सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा पेपर जारीकर्ता रहा है।

गत वर्षों में बैंक को अपने निदेशक मंडल में सम्मानित और प्रतिष्ठित निदेशकों का सान्निध्य मिलता रहा है, जिन्होंने बैंक को अपने लक्ष्य हासिल करने में मार्गदर्शन दिया है। बैंक के निदेशक मंडल में परिवर्तन भी हुए हैं। श्री रमेश अभिषेक, सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; श्री टी. एस. तिरुमूर्ति, सचिव (आर्थिक संबंध), विदेश मंत्रालय; श्री एम. डी. पात्र, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक; श्री दीनबंधु महापात्र, प्रबंध निदेशक व सीईओ, बैंक ऑफ इंडिया; सुश्री गीता मुरलीधर, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईसीजीसी लिमिटेड; और श्री देबाशिस मल्लिक, उप प्रबंध निदेशक, एक्ज़िम बैंक, ने अपने पदभार में परिवर्तन होने के चलते या अधिवार्षिता आयु पूरी होने के चलते, जैसा भी मामला हो, निदेशक के

The Bank is deeply appreciative and grateful for the unstinted support of GOI, through the Department of Financial Services, Ministry of Finance, in providing us with capital to strengthen the balance sheet and grow. As of March 31, 2020, the leverage multiple stood at 8.10 (maximum permissible 10.0), implying high utilisation of capital, yet leaving room to grow further. The Bank's Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR) as of March 31, 2020 stood at a robust 20.13 per cent. This is however arithmetically exaggerated by the zero risk weightage for GOI guaranteed Lines of Credit / Concessional Finance Scheme Loans; at a midway risk weightage of 50 per cent instead, the adjusted CRAR would stand at 14.84 per cent, which is still robust and offers room for growth.

The Bank maintained its enviable track record in the international debt capital markets, raising US$ 1 billion in 10-year bonds in January 2020, at the lowest coupon for any Indian 10-year issuer ever. The Bank also tapped the highly credit conscious Samurai Bond market in Japan, and also (as a Proof of Concept) explored new ground with a small offering of Socially Responsible Bonds, a promising new area. Over the last five years since January 2015, the Bank has been the largest issuer of foreign currency paper out of India.

The Bank, over the years, has been blessed with an esteemed list of Directors on its Board, who have been guiding the Bank towards attaining its chartered objectives. There have also been changes on the Board of the Bank. Shri Ramesh Abhishek, Secretary, Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry; Shri T. S. Tirumurti, Secretary (Economic Relations), Ministry of External Affairs; Dr. M. D. Patra, Executive Director, Reserve Bank of India; Shri Dinabandhu Mohapatra, Managing Director & CEO, Bank of India; Ms Geetha Muralidhar, Chairman-cum-Managing Director, ECGC Ltd.; and Shri Debasish Mallick, Deputy Managing Director, Exim Bank, relinquished their directorships consequent upon change in office

अपने पदभार से त्यागपत्र दे दिया है। बैंक निदेशकों के रूप में दिए गए उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उनका आभार मानता है और इसके लिए सदैव उनका ऋणी रहेगा। मैं श्री देबाशिस मल्लिक की महत्त्वूपर्ण भूमिका का विशेष रूप से उल्लेख करूंगा, जिन्होंने जुलाई 2014 से बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में पांच वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। देबाशिस आईडीबीआई असेट कंपनी लिमिटेड से बैंक आए थे। उन्हें क्रेडिट और विकास वित्त में बेजोड़ अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त थी। उनके अनुभव, सकारात्मक दृष्टिकोण, और बेहतरीन संबंध प्रबंधन से बैंक के रोजमर्रा के कार्यकलापों में बड़ा परिवर्तन आया। हम उनके अविस्मरणीय योगदान को नोट करते हुए उनके स्वस्थ एवं खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं।

बैंक अपने निदेशक मंडल में शामिल हुए नए निदेशकों का भी स्वागत करता है, जिनका निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मददगार होगा। इनमें श्री आनंद सिंह भाल, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; सुश्री इंद्राणी बनर्जी, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक; श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक और सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र; श्री एम सेंथिलनाथन, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, ईसीजीसी लिमिटेड; और सुश्री हर्षा बंगारी, उप प्रबंध निदेशक, एक्ज़िम बैंक शामिल हैं। हर्षा का विशेष रूप से स्वागत है, जो एक्ज़िम बैंक में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू कर निरंतर परिश्रम से लगातार आगे बढ़ती रहीं और आखिरकार भारत सरकार द्वारा बैंक की उप प्रबंध निदेशक नियुक्त की गईं। हम सब उनकी करियर यात्रा के इस पड़ाव पर उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह अपनी नई भूमिका में भी अपार सफलता हासिल करेंगी।

बैंक में 354 अधिकारियों का छोटा–सा और कुशल स्टाफ है, जो सदैव अपनी क्षमताओं से अधिक प्रदर्शन करते हैं। हमारे अधिकारियों के इस कठिन परिश्रम और उनकी दृढ़ निश्चयी प्रवृत्ति ने खराब ऋणों की उल्लेखनीय वसूली और व्यवसाय में अच्छी वृद्धि को संभव बनाया है। साथ ही शोध अध्ययनों, आउटरीच प्रयासों और अन्य कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। प्रति कर्मचारी व्यवसाय के मामले में बैंक के स्टाफ की उत्पादकता उद्योग में एक मिसाल है। कोविड के चलते राष्ट्रव्यापी तालाबंदी के बावजूद बैंक ने अपने आईटी

or achieving superannuation, as may be the case. The Bank gratefully acknowledges their invaluable contribution as Directors and will always remain indebted to them. I would particularly recognize the invaluable role of Shri Debasish Mallick, who served as Deputy Managing Director of the Bank for five years since July 2014. Debasish joined the Bank from IDBI Asset Management Company Ltd, bringing with him a wealth of expertise and experience in the field of credit and development finance. His experience, positive approach and superb relationship building made a huge difference to the functioning of the Bank. We fondly remember him, and wish him good health and happiness in retirement.

The Bank also takes the opportunity to welcome new directors on the Board and looks forward to their guidance and support in taking the Bank to greater heights. These include Shri Anand Singh Bhal, Senior Economic Adviser, Ministry of Commerce and Industry; Ms. Indrani Banerjee, Executive Director, Reserve Bank of India; Shri A. S. Rajeev, Managing Director & CEO, Bank of Maharashtra; Shri M Senthilnathan, Chairman-cum-Managing Director, ECGC Ltd.; and Ms. Harsha Bangari, Deputy Managing Director, Exim Bank. A special welcome to Harsha, who started her career in Exim Bank as a Management Trainee and has grown from strength to strength, culminating in her appointment by the Government of India as Deputy Managing Director. We all wish her well in this new stage of her career journey and I am sure she will be a tremendous success in her new role.

The Bank has a compact and highly skilled staff of 354 officers who habitually punch well above their weight. The diligence and indomitable attitude of our officers has led to significant recovery of bad loans as well as strong growth in business, research studies, outreach efforts, and so on. The productivity of the Bank's staff as measured in business per employee is exemplary. Following nation-wide lockdown regulations due to COVID, the Bank has

इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रभावी रूप से सदुपयोग किया और बैंक के कुशल स्टाफ ने घर से भी प्रभावपूर्ण तरीके से काम किया, जो बैंक की सुदृढ़ व्यवसाय निरंतरता योजनाओं को दर्शाता है।

बैंक भारत और विश्व की एक श्रेष्ठ कॉर्पोरेट संस्था बने रहने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। बैंक अपने अधिदेश को ध्यान में रखते हुए अच्छे व्यवसाय परिणाम तो लाता ही है, साथ ही अक्षय पात्र फाउंडेशन, स्वच्छ भारत पहल, तथा भारत के विभिन्न हिस्सों में स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियानों एवं रक्तदान अभियानों का हिस्सा बनकर समाज कल्याण में भी अपना योगदान देता रहा है।

चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के चुनौतीपूर्ण रहने की आशंका है। अप्रैल-जून 2020 तिमाही के दौरान सभी लागू विनियमों का अनुपालन करते हुए बैंक ने अधिकांशतः घर से काम किया है और अपने बिजनेस को निर्बाध रूप से जारी रखने में सफल रहा है। हालांकि, आगे भी घर से काम करना जारी रह सकता है, किन्तु बिना यात्रा और मार्केटिंग के नया बिजनेस लाना अव्यावहारिक और मुश्किल दिखता है। अप्रैल-जून 2020 की निरंतर तालाबंदी के बाद देश में जैसे ही व्यावसायिक गतिविधियां दोबारा शुरू होती हैं, मैं और मेरे सहयोगी 2020-21 में बेहतर कार्यनिष्पादन के साथ बेहतर परिणामों के लिए नए व्यवसाय प्रस्ताव लाने के लिए तत्पर हैं। हम निर्यातों के लिए निवेश को बढ़ाने हेतु निर्यातकों और उत्पादकों से जुड़ेंगे और जैसा कि माननीया वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 'उभरते सितारे' कार्यक्रम के संदर्भ में उल्लेख किया है, हम इस दिशा में अपने प्रयासों को तेज करेंगे। मैं आशान्वित हूं कि 'उभरते सितारे' कार्यक्रम आने वाले दिनों में भारत के भावी निर्यात चैंपियंस को चिह्नित करेगा और उन्हें विकसित करेगा।

मैं और बैंक में मेरे सहयोगी, आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत के पथ पर अग्रसर होते हुए भारत सरकार और भारत की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बल्कि हम इन अपेक्षाओं से बेहतर निष्पादन के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

डेविड रस्कीना
23 जून, 2020

effectively leveraged its IT infrastructure and its skilled staff to effectively function in Work From Home mode, proving the robustness of its Business Continuity Plans.

The Bank strives to be a good corporate citizen of India and the world. While we take pride in delivering strong business results in keeping with our mandate, we also look to give back to society via support to the Akshaya Patra Foundation, the Swachh Bharat initiative, cleanliness and health initiatives in various parts of India, blood donation drives and so on.

The current year 2020-21 appears to be challenging. During April-June 2020, the Bank, in compliance with all applicable regulations, has maximized Work From Home and has been successful in managing its business uninterrupted. However, while ongoing business is amenable to Work From Home, origination of new business without active travel and marketing is impractical. After continuous lockdown during April-June 2020, as the country opens up again, my colleagues and I look forward to actively generating new business proposals to enable superior growth performance in 2020-21. We will engage with exporters and producers to try and stimulate investment for exports, and the Ubharte Sitaare Programme, which the Hon'ble Finance Minister graciously blessed in her Budget Speech, will be the fore runner of our efforts. I am highly optimistic that the Ubharte Sitaare Programme will identify and develop future Export Champions of India in the days ahead.

My colleagues in the Bank, and I, are ready and determined to leave no stone unturned in the years ahead, to live up to, and in fact exceed, the expectations of the Government and people of India on the road to Atmanirbhar Bharat.

David Rasquinha
June 23, 2020

प्रबंधन Management

मुख्य महाप्रबंधक Chief General Managers

श्री मुकुल सरकार
Shri Mukul Sarkar



श्री डेविड सिनाटे
Shri David Sinate



श्री प्रहलादन अय्यर
Shri Prahalathan Iyer



श्री नदीम पंजेतन
Shri Nadeem Panjetan

सुश्री रीमा मार्फतिया
Ms. Rima Marphatia

श्री सुदत्त मंडल
Shri Sudatta Mandal

सुश्री सुनीता सिंदवानी
Ms. Sunita Sindwani

सुश्री मंजिरी भालेराव
Ms. Manjiri Bhalerao

महाप्रबंधक General Managers

श्री उत्पल गोखले
Shri Utpal Gokhale

श्री गौरव भंडारी
Shri Gaurav Bhandari

सुश्री दीपाली अग्रवाल
Ms. Deepali Agrawal

श्री टी. डी. सिवाकुमार
Shri T. D. Sivakumar

सुश्री मीना वर्मा
Ms. Meena Verma



श्री तरुण शर्मा
Shri Tarun Sharma

श्री विक्रमादित्य उगरा
Shri Vikramaditya Ugra

श्री धर्मेन्द्र सचान
Shri Dharmendra Sachan



श्री सुजीत भाले
Shri Sujeet Bhale

सुश्री शिल्पा वाघमारे
Ms. Shilpa Waghmare



श्री उदय शिंदे
Shri Uday Shinde



श्री लोकेश कुमार
Shri Lokesh Kumar

श्री सरोज खुंटिया
Shri Saroj Khuntia

श्री रिकेश चंद
Shri Rikesh Chand

आर्थिक परिवेश

ECONOMIC ENVIRONMENT

वैश्विक अर्थव्यवस्था

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कमजोर हुई। वर्ष 2018 में यह वृद्धि दर 3.6 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2019 में घटकर 2.9 प्रतिशत रह गई। यह गिरावट कुछ उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से भारत में, आर्थिक गतिविधियों के लिए नकारात्मक अप्रत्याशित घटनाओं को परिलक्षित करती है। व्यापार नीति में अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और प्रमुख उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं में विशिष्ट प्रकार के तनाव के चलते वैश्विक आर्थिक गतिविधियों पर दबाव जारी रहा।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में भी बड़ी गिरावट आई और प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। विशेष रूप से यूएसए (वर्ष 2018 में 2.9 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2019 में 2.3 प्रतिशत), यूरो क्षेत्र (वर्ष 2018 की 1.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019 में 1.3 प्रतिशत) में उल्लेखनीय मंदी आई और छोटी एशियाई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं भी इससे प्रभावित हुईं। ब्राजील, चीन, भारत, मेक्सिको और रूस सहित उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में यह मंदी और भी अधिक रही, जिनकी वृद्धि दर 2018 में 4.5 प्रतिशत के आसपास रही थी और 2019 में उल्लेखनीय रूप से घटकर मात्र 3.7 प्रतिशत रह गई। कुछ अर्थव्यवस्थाओं को मैक्रो-इकनॉमिक और वित्तीय तनावों का सामना करना पड़ा।

वैश्विक व्यापार

मात्रात्मक रूप से वस्तुओं और सेवाओं में वैश्विक व्यापार की वृद्धि दर में भारी गिरावट दर्ज की गई। यह वृद्धि दर वर्ष 2019 में गिरकर मात्र 0.9 प्रतिशत रह गई, जो वर्ष 2018 में 3.8 प्रतिशत थी। यह वर्ष 2012 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट है। उच्चतर टैरिफ और लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितताओं से घिरी व्यापार नीति के चलते निवेश बुरी तरह प्रभावित हुआ और इस प्रकार पूँजीगत वस्तुओं की मांग में भारी गिरावट आई, जिनका व्यापार में बड़ा हिस्सा होता है। वैश्विक निवेशों में आई मंदी मुख्य रूप से आयात वृद्धि में आई गिरावट के साथ चक्रीय कारकों, दबावग्रस्त अर्थव्यवस्थाओं और बढ़ते व्यापार तनावों के चलते विनिर्माण क्षेत्र में व्यवसाय भावनाओं के प्रभावित होने के परिणामस्वरूप हुई। बढ़ते व्यापार तनावों के चलते विनिर्माण क्षेत्र में व्यवसाय भावनाएं भी अत्यधिक प्रभावित हुईं। उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद में आई गिरावट, व्यापार वृद्धि में मंदी लाने वाला अन्य कारक रहा।

विश्व मर्चेंडाइज व्यापार में मात्रा की दृष्टि से गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2018 में 2.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के बाद वर्ष 2019 में व्यापार तनावों और मंद आर्थिक वृद्धि के चलते इसमें

Global Economy

According to the International Monetary Fund (IMF), expansion of the global economy has weakened in 2019, moderating to 2.9 per cent as compared to 3.6 per cent in 2018, reflecting negative surprises to economic activity in a few emerging market economies, notably India. Trade policy uncertainty, geopolitical tensions, and idiosyncratic stress in key emerging market economies continued to weigh on global economic activity.

Among advanced economies, the weakening has been broad-based, affecting major economies notably the United States (2.3 per cent in 2019 as against 2.9 per cent in 2018), Euro area (1.3 per cent in 2019 as against 1.9 per cent in 2018) and smaller Asian advanced economies. The slowdown in activity was even more pronounced in emerging market and developing economies, including Brazil, China, India, Mexico and Russia, which clocked a growth rate of 4.5 per cent in 2018 and slowed down significantly to 3.7 per cent in 2019, with few economies suffering macroeconomic and financial stress.

World Trade

Growth of global trade in goods and services, in volume terms, slowed down to 0.9 per cent in 2019, down from 3.8 per cent in 2018, the weakest level since 2012. Higher tariffs and prolonged uncertainty surrounding trade policy have dented investment and thus, reduced demand for capital goods, which are heavily traded. Slowdown in global investment, in line with reduced import growth, resulted from cyclical factors, steep downturn in investment in stressed economies, and the impact of increased trade tensions on business sentiment in the manufacturing sector. Another factor weighing down the trade growth has been the decline in purchase of consumer durables.

World merchandise trade in volume terms registered a decline of 0.1 per cent in 2019, after rising by 2.9 per cent in 2018, weighed down by trade tensions and slowing economic growth.

0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। तदनुसार, वर्ष 2019 में डॉलर मूल्य में विश्व मर्चेंडाइज निर्यात 18.89 ट्रिलियन यूएस डॉलर का रहा, जिनमें गत वर्ष की तुलना में 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके विपरीत, वर्ष 2019 में विश्व वाणिज्यिक सेवाओं का व्यापार गत वर्ष के मुकाबले 2 प्रतिशत बढ़कर 6.03 ट्रिलियन यूएस डॉलर का रहा। तथापि, वृद्धि की यह दर वर्ष 2018 की 9 प्रतिशत की तुलना में काफी कम रही।

भारतीय अर्थव्यवस्था

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा मई 2020 में जारी 2019-20 के लिए राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, 2019-20 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत आकलित की गई, जो ग्यारह वर्षों में न्यूनतम है। विभिन्न क्षेत्रों की बात की जाए तो वर्ष के दौरान मांग में गिरावट आने से औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की गतिविधियों में मंदी रही, किन्तु कृषि और संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि में थोड़ा सुधार देखा गया। कोविड–19 महामारी के परिणामस्वरूप आर्थिक झटकों का असर दिखाई देना शुरू हो गया और फिक्स्ड निवेश, निजी खपत में वृद्धि, विदेश व्यापार और वित्तीय क्षेत्र में तरलता (लिक्विडिटी) प्रभावित हुई। इस पूरे परिदृश्य में देश की पूर्व आकलित वृद्धि दर को बनाए रखने को लेकर जोखिम बना हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने इस नवीनतम चुनौती के चलते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को भी भारत की वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमानों को घटाना पड़ा है। आईएमएफ ने वर्ष 2020 के लिए भारत की वृद्धि दर अप्रैल 2020 में 1.9 प्रतिशत आकलित की थी, जिसे कोविड–19 महामारी के बाद जून 2020 में घटाकर (-)4.5 प्रतिशत कर दिया।

भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार

भारत के मर्चेंडाइज निर्यातों में लगातार तीन वर्षों तक बढ़ोत्तरी के बाद 2019-20 के दौरान गिरावट दर्ज की गई और ये 313.2 बिलियन यूएस डॉलर के रहे। गत वर्ष की तुलना में इनमें 5.1 प्रतिशत की कमी आई। निर्यातों में कमी मुख्य रूप से विदेशी मांग कमजोर पड़ने के चलते आई। वहीं दूसरी ओर, भारत के आयात भी 2019-20 के दौरान गिरकर 474 बिलियन यूएस डॉलर के रहे, जिनमें गत वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

2019-20 के दौरान पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यातों में 11.4 प्रतिशत की गिरावट आई और ये 41.2 बिलियन यूएस डॉलर के रहे। वहीं, इसी अवधि के दौरान गैर–तेल निर्यातों में 4.1 प्रतिशत की गिरावट आई और ये 271.9 बिलियन यूएस डॉलर के रहे। रत्न एवं आभूषण,

Accordingly, the dollar value of world merchandise exports in 2019 fell by 3 per cent to US$ 18.89 trillion. In contrast, world commercial services trade increased in 2019, with exports in dollar terms rising by 2 per cent to US$ 6.03 trillion. The pace of expansion was, however, slower than in 2018, when it increased by 9 per cent.

Indian Economy

According to the Provisional Estimates of National Income, 2019-20 released by the National Statistical Office (NSO) in May 2020, the Indian economy is estimated to grow at 4.2 per cent in 2019-20, the lowest in eleven years. At the sectoral level, a rebound in the growth of agriculture and allied activities during the year was outweighed by the dampening of industrial and services activities due to weak demand conditions. Economic shock as a result of the COVID-19 pandemic has started to further impact fixed investment, private consumption growth, external trade and liquidity in the financial sector, which pose a risk to sustaining the earlier growth estimates. The latest challenge faced by the Indian economy has led to a substantial downward revision of the country's growth projection by the IMF in June 2020 to (-)4.5 per cent for the year 2020, from its earlier estimate of 1.9 per cent in April 2020.

India's International Trade

After growing for three consecutive years, India's merchandise exports declined in 2019-20 and stood at US$ 313.2 billion, which is a contraction of 5.1 per cent over the previous year. Exports have declined mainly owing to weaker external demand. At the same time, India's imports also fell to US$ 474 billion during 2019-20, registering a decline of 7.8 per cent over the previous year.

During 2019-20 export of petroleum and petroleum products declined by 11.4 per cent to US$ 41.2 billion, whereas non-oil exports fell by 4.1 per cent to US$ 271.9 billion in the same period.

टेक्सटाइल और संबंधित उत्पाद, कृषि तथा संबद्ध उत्पाद, बेस धातुएं, परिवहन उपकरण अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्र रहे, जिनमें 2019-20 के दौरान निर्यातों में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर, इसी अवधि के दौरान रसायन और संबंधित उत्पाद, अयस्क और खनिज तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसी कमोडिटीज़ के निर्यातों में धनात्मक वृद्धि दर्ज की गई। 2019-20 के दौरान भारत ने 130.5 बिलियन यूएस डॉलर के पेट्रोलियम उत्पादों (मुख्य रूप से कच्चा तेल) का आयात किया और गत वर्ष की तुलना में इसमें 7.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, वर्ष 2019-20 के दौरान गैर-तेल आयात 343.5 बिलियन यूएस डॉलर के रहे, जिनमें गत वर्ष की उसी अवधि की तुलना में 8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। भारत द्वारा आयात की गई ऐसी मुख्य मदों में रत्न एवं आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान, रसायन और संबंधित उत्पाद, अयस्क एवं खनिज तथा मूल धातुएं शामिल रहीं, जिनमें वर्ष के दौरान गैर-तेल श्रेणी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

समग्र रूप से भारत का व्यापार घाटा 2018-19 के 184 बिलियन यूएस डॉलर की तुलना में 2019-20 के दौरान 160.8 बिलियन यूएस डॉलर का रहा। भारत के सेवा निर्यात वर्ष 2019-20 के दौरान 213.2 बिलियन यूएस डॉलर के रहे और इनमें गत वर्ष के 208 बिलियन यूएस डॉलर की तुलना में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। 2019-20 में सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात गत वर्ष के 86.3 बिलियन यूएस डॉलर की तुलना में बढ़कर 96.1 बिलियन यूएस डॉलर के रहे।

2019-20 के दौरान भारत का चालू खाता घाटा 2018-19 के 57.2 बिलियन यूएस डॉलर (जीडीपी का 2.1 प्रतिशत) की तुलना में कम होकर 24.6 बिलियन यूएस डॉलर (जीडीपी का 0.9 प्रतिशत) हो गया, जो पिछले तीन वर्षों के दौरान सबसे कम है। इस अवधि के दौरान, पूँजीगत और वित्तीय लेखों के अंतर्गत नेट आवक (इनफ्लो) 57.7 बिलियन यूएस डॉलर से घटकर 23.6 बिलियन यूएस डॉलर की रही।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2020 के अंत में 477.8 बिलियन यूएस डॉलर का रहा, जो मार्च 2019 के अंत में 412.9 बिलियन यूएस डॉलर का रहा। इसमें आयातों के लगभग 11 महीने कवर होते हैं। वहीं दूसरी ओर, विदेशी ऋण में भी बढ़ोत्तरी हुई और यह मार्च 2019 के 543.3 बिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में 558.5 बिलियन यूएस डॉलर रहा।

Gems and jewellery, textile and allied products, agriculture and allied products, base metals, and transport equipment are the other major sectors that registered a negative growth in exports during 2019-20. On the other hand, commodities such as chemical and related products, ores and minerals and electronic items registered positive export growth during the same period. India's import of petroleum and its products (mainly crude) stood at US$ 130.5 billion during 2019-20, declining by 7.4 per cent as compared to the preceding year. Non-oil imports stood at US$ 343.5 billion during 2019-20, registering a decline of 8 per cent over the corresponding period of the last year. Gems and jewellery, electronics items, chemicals and related products, ores and minerals and base metals were the major imported items that registered a significant fall in the non-oil import category.

Overall, India's trade deficit narrowed to US$ 160.8 billion during 2019-20, as compared to US$ 184 billion in 2018-19. India's services exports increased by 2.4 per cent to US$ 213.2 billion during 2019-20 as compared to US$ 208 billion during the preceding year. Software services exports in 2019-20 rose to US$ 96.1 billion, compared to US$ 86.3 billion last year.

India's current account deficit narrowed to US$ 24.6 billion (0.9 per cent of GDP) during 2019-20 from a deficit of US$ 57.2 billion (2.1 per cent of GDP) during 2018-19, which is the lowest in the last three years. During the same period, net inflows under the capital and financial account decreased from US$ 57.7 billion to US$ 23.6 billion.

India's foreign exchange reserves increased from US$ 412.9 billion as at end March 2019 to US$ 477.8 billion as at end March 2020, which covers around 11 months of imports. At the same time, external debt rose to US$ 558.5 billion as at the end of March 2019 from US$ 543.3 billion in March 2020.

निदेशकों की रिपोर्ट

DIRECTORS' REPORT

परिचालनों तथा वित्तीय निष्पादन की समीक्षा

ऋण आस्तियां

बैंक ने विभिन्न ऋण कार्यक्रमों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 की ₹ 380.00 बिलियन की ऋण राशि के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 402.55 बिलियन की ऋण राशि अनुमोदित की। वित्तीय वर्ष 2018-19 के ₹ 366.60 बिलियन की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने ₹ 337.35 बिलियन की ऋण राशि का संवितरण किया। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान चुकौती की राशि जहां ₹ 519.84 बिलियन थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान चुकौती की राशि ₹ 334.87 बिलियन रही। यथा 31 मार्च, 2020 को निवल ऋण-आस्तियां ₹ 994.47 बिलियन की रहीं, जिनमें गत वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। यथा 31 मार्च, 2020 को रुपया राशि के ऋण और अग्रिम, निवल ऋण आस्तियों के 16 प्रतिशत रहे, वहीं विदेशी मुद्रा में ऋण और अग्रिम 84 प्रतिशत रहे। यथा 31 मार्च, 2020 को अल्पावधि ऋण, निवल ऋणों तथा अग्रिमों के 8 प्रतिशत रहे।

गैर-निधिक सुविधाएं

बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 की ₹ 44.99 बिलियन राशि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 71.39 बिलियन की गैर-निधिक सुविधाएं मंजूर की गईं। इनमें परियोजना गारंटियां, वित्तीय गारंटियां और साख-पत्र शामिल रहे। यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक का कुल गैर-निधिक पोर्टफोलियो, यथा 31 मार्च, 2019 के ₹ 140.96 बिलियन की तुलना में 12.58 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ ₹ 158.70 बिलियन का रहा, जिसमें गारंटियां, साख-पत्र एवं आपाती साख-पत्र शामिल रहे। वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹ 34.22 बिलियन की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 50.30 बिलियन की गारंटियां जारी की गईं। वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹ 6.43 बिलियन की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 17.64 बिलियन के साख-पत्र जारी किए गए। बैंक की बहियों में गारंटियां यथा 31 मार्च, 2019 को ₹ 139.12 बिलियन की तुलना में, यथा 31 मार्च, 2020 को ₹ 150.40 बिलियन की रहीं। वहीं, साख पत्र, यथा 31 मार्च, 2019 के ₹ 1.84 बिलियन की तुलना में यथा 31 मार्च, 2020 को ₹ 8.30 बिलियन के रहे।

REVIEW OF OPERATIONS AND FINANCIAL PERFORMANCE

Loan Assets

The Bank approved loans aggregating ₹ 402.55 billion under various lending programmes during FY 2019-20, as against ₹ 380.00 billion during FY 2018-19. Loan disbursements during FY 2019-20 were ₹ 337.35 billion, as against ₹ 366.60 billion during 2018-19, while loan repayments during FY 2019-20 amounted to ₹ 334.87 billion, as against ₹ 519.84 billion in FY 2018-19. Net loan assets as of March 31, 2020, were ₹ 994.47 billion, registering an increase of 6 per cent vis-à-vis the previous year. Rupee loans and advances accounted for 16 per cent of net loan assets as on March 31, 2020, while the balance 84 per cent were in foreign currency (FC). Short-term loans accounted for 8 per cent of net loans and advances as on March 31, 2020.

Non-Funded Facilities

During FY 2019-20, the Bank sanctioned non-funded facilities aggregating ₹ 71.39 billion, as against ₹ 44.99 billion in FY 2018-19, comprising project guarantees, financial guarantees and Letters of Credit. The Bank's aggregate non-funded portfolio, comprising Guarantees, Letters of Credit and Standby Letters of Credit, as of March 31, 2020, stood at ₹ 158.70 billion, as against ₹ 140.96 billion as of March 31, 2019, representing a growth of 12.58 per cent. Guarantees issued during FY 2019-20 amounted to ₹ 50.30 billion, as against ₹ 34.22 billion in 2018-19. Letters of Credit issued during FY 2019-20 amounted to ₹ 17.64 billion, as against ₹ 6.43 billion in FY 2018-19. Guarantees in the books of the Bank as of March 31, 2020, were ₹ 150.40 billion, as against ₹ 139.12 billion as of March 31, 2019, and Letters of Credit as of March 31, 2020, amounted to ₹ 8.30 billion as against ₹ 1.84 billion as of March 31, 2019.

आय / व्यय

बैंक ने सामान्य निधि लेखे में 2018-19 के दौरान ₹ 1.87 बिलियन के कर पूर्व लाभ के मुकाबले 2019-20 के दौरान ₹ 2.44 बिलियन का कर पूर्व लाभ दर्ज किया। आयकर के लिए ₹ 1.20 बिलियन की राशि का प्रावधान करने के बाद, 2019-20 के दौरान कर पश्चात लाभ ₹ 1.24 बिलियन का रहा, जबकि 2018-19 में ₹ 0.82 बिलियन का कर पश्चात लाभ दर्ज किया गया था। इस लाभ में से ₹ 0.93 बिलियन की राशि आरक्षित निधियों में अंतरित कर दी गई और ₹ 0.19 बिलियन की राशि निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि में अंतरित कर दी गई। शेष ₹ 0.12 बिलियन की राशि भारतीय निर्यात-आयात बैंक अधिनियम, 1981 में किए गए प्रावधान के अनुसार भारत सरकार को अंतरित की जाएगी।

निर्यात विकास कोष में 2018-19 के दौरान ₹ 69.32 मिलियन के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 108.79 मिलियन का कर पूर्व लाभ दर्ज किया गया। कर के लिए ₹ 37.81 मिलियन का प्रावधान करने के बाद कर पश्चात लाभ 2018-19 के ₹ 45.10 मिलियन की तुलना में 2019-20 के दौरान ₹ 70.98 मिलियन का रहा।

ऋणों पर ब्याज, विनिमय, कमीशन, ब्रोकरेज और शुल्क आदि को मिलाकर कारोबारी आय 2018-19 में ₹ 63.30 बिलियन की तुलना में 2019-20 में ₹ 56.35 बिलियन की रही। निवेश आय, बैंक जमा राशियों आदि पर ब्याज आय 2018-19 की ₹ 27.66 बिलियन की तुलना में 2019-20 के दौरान ₹ 30.18 बिलियन रही। उधारियां बढ़ने के बावजूद 2019-20 में ब्याज व्यय ₹ 5.10 बिलियन कम होकर ₹ 63.09 बिलियन का रहा। स्टाफ संबंधी खर्चों सहित प्रशासनिक खर्च (आकस्मिकताओं के लिए प्रावधान को छोड़कर)

बैंक ने कुवैत में नई अल सबा अस्पताल परियोजना के डिजाइन, निर्माण और संचालन रखरखाव कॉन्ट्रैक्ट के लिए शापूरजी पालोनजी मिडईस्ट एलएलसी को गारंटी सुविधा प्रदान की।

The Bank extended guarantee facility to Shapoorji Pallonji Mideast LLC for a design, construction and operational maintenance contract of the New Al Sabah Hospital Project in Kuwait.

Income/Expenditure

The Bank registered profit before tax of ₹ 2.44 billion on account of General Fund during 2019-20, as against a profit before tax of ₹ 1.87 billion for the year 2018-19. After providing for income tax of ₹ 1.20 billion, profit after tax amounted to ₹ 1.24 billion during 2019-20 as against a profit after tax of ₹ 0.82 billion during 2018-19. Out of this profit, an amount of ₹ 0.93 billion is transferred to the Reserve Fund and an amount of ₹ 0.19 billion is transferred to Investment Fluctuation Reserve. The balance of ₹ 0.12 billion will be transferred to the Government of India (GOI) as provided in the Export-Import Bank of India Act, 1981.

Profit before tax of the Export Development Fund during 2019-20 was ₹ 108.79 million as against ₹ 69.32 million during 2018-19. After providing for tax of ₹ 37.81 million, the post-tax profit amounted to ₹ 70.98 million as against ₹ 45.10 million, during 2018-19.

Business income including interest on loans, exchange, commission, brokerage and fees, etc. during 2019-20 was ₹ 56.35 billion as compared to ₹ 63.30 billion in 2018-19. Investment income, interest on bank deposits etc. during 2019-20 was ₹ 30.18 billion as compared to ₹ 27.66 billion in 2018-19. Interest expenses in 2019-20 at ₹ 63.09 billion were lower by ₹ 5.10 billion despite increase in borrowings. Administrative expenses (including Staff related expenses) as a per cent of total expenses (excluding provisions for contingencies) worked out to 4.72 per cent during 2019-20 as against 2.98 per cent, during 2018-19.

Borrowings

Total borrowings of the Bank were at ₹ 1,051.66 billion as on March 31, 2020, higher by 13.93 per cent than the total borrowings of ₹ 923.04 billion as on March 31, 2019.

2018-19 के दौरान कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में 2.98 प्रतिशत की तुलना में 2019-20 के दौरान कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में 4.72 प्रतिशत रहा।

उधारियां

यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक की कुल उधार राशियां ₹ 1,051.66 बिलियन की रहीं, जो यथा 31 मार्च, 2019 की ₹ 923.04 बिलियन की तुलना में 13.93 प्रतिशत अधिक रहीं।

संसाधन

वर्ष के दौरान, बैंक को भारत सरकार से ₹ 15 बिलियन की पूँजी प्राप्त हुई। इसमें ₹ 9.50 बिलियन की राशि बजट आवंटन के रूप में और ₹ 5.50 बिलियन की राशि पुनर्पूंजीकरण बॉन्डों के जरिए प्राप्त हुई। यथा 31 मार्च, 2020 को ₹ 138.59 बिलियन की चुकता पूँजी तथा ₹ 24.26 बिलियन की आरक्षित निधियों सहित बैंक के कुल संसाधन ₹ 162.85 बिलियन के रहे।

एक्ज़िम बैंक के संसाधन आधार में रुपया बॉन्ड, जमा प्रमाण-पत्र, वाणिज्यिक पत्र, सावधि जमा राशियां, विदेशी मुद्रा बॉन्ड, विदेशी मुद्रा ऋण तथा दीर्घावधि स्वैप आदि शामिल हैं। वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न परिपक्वता अवधियों (वर्ष के दौरान जुटाई गई तथा चुकता की गई राशि को छोड़कर) की कुल ₹ 266.21 बिलियन की उधारियां जुटाई। इसमें ₹ 121.61 बिलियन के रुपया संसाधन (जुटाए गए तथा चुकाए गए संसाधनों को घटाकर) 1.91 बिलियन यूएस डॉलर के समतुल्य (₹ 144.60 बिलियन) राशि के विदेशी मुद्रा संसाधन शामिल हैं। विदेशी मुद्रा संसाधनों में 1.34 बिलियन यूएस डॉलर के समतुल्य बॉन्डों के जरिए तथा 567 मिलियन यूएस डॉलर द्विपक्षीय / क्लब / सिंडिकेटेड ऋणों / स्वैप के जरिए जुटाए गए। यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक के पास कुल 12.09 बिलियन यूएस डॉलर के समतुल्य विदेशी मुद्रा संसाधन और ₹ 377.61 बिलियन का बकाया रुपया संसाधन रहा। यथा 31 मार्च, 2020 को कुल बाजार उधारियां, कुल उधारियों की 100 प्रतिशत तथा बैंक के कुल संसाधनों की 87 प्रतिशत रहीं।

विदेशी मुद्रा संसाधन

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने विभिन्न लिखतों के जरिए 1.91 बिलियन यूएस डॉलर के समतुल्य राशि के विदेशी

Resources

During the year, the Bank received capital of ₹ 15 billion from the Government of India (GOI), of which ₹ 9.50 billion was by way of budget allocation and ₹ 5.50 billion was through recapitalisation bonds. As on March 31, 2020, the Bank's total resources including paid-up capital of ₹ 138.59 billion and reserves of ₹ 24.26 billion aggregated ₹ 162.85 billion.

Exim Bank's resource base interalia includes rupee bonds, certificates of deposit, commercial papers, term deposits, FC bonds, FC loans and long-term swaps. During the year, the Bank raised borrowings of varying maturities (excluding raised and repaid during the year) aggregating ₹ 266.21 billion, comprising rupee resources of ₹ 121.61 billion and foreign currency resources of US$ 1.91 billion equivalent. FC resources of US$ 1.34 billion equivalent were raised through bonds, and US$ 567 million through bilateral/ club/ syndicated loans/swaps. As on March 31, 2020, the Bank had a pool of foreign currency resources equivalent to US$ 12.09 billion and outstanding rupee resources of ₹ 377.61 billion. Market borrowings as on March 31, 2020, constituted 100 per cent of the total borrowings and 87 per cent of the total resources of the Bank.

Foreign Currency Resources

During FY 2019-20, the Bank raised FC resources aggregating US$ 1.91 billion equivalent, through a variety of instruments. The Bank, in January 2020, raised US$ 1 billion for a 10-year tenor at a coupon of 3.25 per cent p.a. in the 144A/Reg-S format. The transaction marked the lowest coupon from any Indian issuer for a 10-year US$ issuance. The issue attracted a total order book in excess of

मुद्रा संसाधन जुटाए। बैंक ने जनवरी 2020 में 3.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष की कूपन दर पर 144 ए/रेग-एस फॉर्मेट में 10 वर्ष के लिए 1 बिलियन यूएस डॉलर जुटाए। ये 10 वर्षीय यूएस डॉलर निर्गम के लिए किसी भी भारतीय संस्था द्वारा सबसे कम कूपन दर पर जुटाए गए संसाधन रहे। इस इश्यू को 2.7 बिलियन यूएस डॉलर से अधिक के ऑर्डर मिले और उच्च गुणवत्ता वाले 184 निवेशकों से 2.7 गुना से अधिक का सब्सक्रिप्शन मिला। यह संव्यवहार सीटी5+150 बीपीएस के उचित मूल्य पर रखा गया जो सीटी5+175 बीपीएस के प्रारंभिक मूल्य के अंदर था। यह 25 बीपीएस की महत्त्वपूर्ण मूल्य टाइटनिंग और नए निर्गम पर शून्य प्रीमियम को प्रदर्शित करता है। भौगोलिक वितरण की दृष्टि से इसका वितरण एशिया में 44 प्रतिशत, यूएसए में 36 प्रतिशत तथा यूरोप, मध्य पूर्व एवं अफ्रीका में 20 प्रतिशत रहा।

बैंक ने अक्टूबर 2019 में सामाजिक उत्तरदायित्व वाला 50 मिलियन यूएस डॉलर का अपना पहला बॉन्ड जारी किया। यह बॉन्ड इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक्ज़िम बैंक का पहला बॉन्ड है, जिसे समाज कल्याण संबंधी निवेश के विकल्प तलाशने वाले निवेशकों तक पहुंचने के लिए जारी किया गया है। समाज कल्याण या सामाजिक उत्तरदायित्व

US$ 2.7 billion at close, thereby achieving more than 2.7 times subscription from 184 high-quality investors. The transaction was priced at the fair value of CT5+150 bps, well inside the initial price guidance of CT5+175 bps area, representing significant price tightening of 25 bps, implying nil new issue premium. The bonds were distributed 44 per cent in Asia, 36 per cent in USA and 20 per cent in the EMEA region.

The Bank, in October 2019, issued its first ever US$-denominated Socially Responsible Bond for US$ 50 million. The Bond is significant as it marks the first issuance by Exim Bank to tap investors seeking more socially responsible investment options. Socially responsible investing, also known as ethical and green investing, means avoiding industries that negatively affect the environment. Social projects are projects, activities and investments that directly aim to help address or mitigate a specific social issue and / or seek to

बैंक ने 1 बिलियन यूएस डॉलर का 10-वर्षीय बॉन्ड इंडिया आईएनएक्स पर लिस्ट किया और सबसे बड़े एकल जारीकर्ता का दर्जा कायम रखा।
The Bank listed its US$ 1 billion, 10-year bond at India INX reinforcing its status as the largest single issuer listed on the Exchange.

वाले निवेशों को हरित निवेश अथवा नैतिक निवेशों के रूप में भी जाना जाता है। ये ऐसे निवेश होते हैं, जिनमें पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले उद्योगों में निवेश करने से बचा जाता है। सामाजिक परियोजनाओं में ऐसी परियोजनाएं, गतिविधियां और निवेश शामिल होते हैं, जो किसी विशिष्ट सामाजिक विषय के लिए सीधे मदद करने अथवा उसके दुष्प्रभावों को कम करने से संबंधित होते हैं और/अथवा उनसे सकारात्मक सामाजिक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। इस बॉन्ड से जुटाई गई निधियों को कंबोडिया, म्यांमार और वियतनाम में परियोजनाओं को कवर करते हुए मेकोंग क्षेत्र में बुनियादी ढांचागत विकास परियोजनाओं में लगाया गया। यह 3 वर्षीय बॉन्ड 2.38 प्रतिशत प्रतिवर्ष की कूपन दर पर जारी किया गया। इस बॉन्ड में जापान की दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने निवेश किया है। इस प्राइवेट प्लेसमेंट को एमटीएन-आई ग्लोबल अवॉर्ड्स में एसआरआई: हरित/सामाजिक श्रेणी के अंतर्गत डील्स ऑफ द ईयर में से एक डील के रूप में पुरस्कृत किया गया।

बैंक ने सितंबर 2019 में समुराई बॉन्ड बाजार में सफलतापूर्वक वापसी कर ली। बैंक ने यह वापसी 32 बिलियन जापानी येन के तीन साल व पांच साल के फिक्स्ड दरों के डबल ट्रांच ट्रांजैक्शन के साथ की। इनकी कूपन दरें क्रमशः 0.59 प्रतिशत और 0.66 प्रतिशत प्रतिवर्ष तय की गई थीं। यह 2006 के बाद एक्ज़िम बैंक द्वारा बिना किसी गारंटी के जारी किया गया पहला स्टैंडअलोन समुराई बॉन्ड निर्गम है। यह निर्गम दर्शाता है कि जेबिक द्वारा गारंटित समुराई बॉन्ड और जापानी रिटेल निवेशकों को लक्षित, जापानी येन सहित विभिन्न मुद्राओं में उरीदाशी बॉन्ड जारी करते हुए एक्ज़िम बैंक ने 2011 से अपनी ऋण साख और पहचान बनाए रखी है। इसकी ऑर्डरबुक 91 बिलियन जापानी येन पर बंद हुई और निर्गम का तीन गुना सब्सक्रिप्शन दर्ज किया गया। 3 साल के ट्रांच के लिए 78.9 बिलियन जापानी येन की मांग रही और 5 साल के ट्रांच के लिए 12.1 बिलियन जापानी येन की मांग रही। अंततः निर्गम की राशि 32 बिलियन जापानी येन (300 मिलियन यूएस डॉलर के समतुल्य) निर्धारित की गई। इसमें 3 साल के ट्रांच का मूल्य 25 बिलियन जापानी येन और 5 साल के ट्रांच का मूल्य 7 बिलियन जापानी येन निर्धारित किया गया।

बैंक ने ऋणों और बॉन्डों के प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए भी संसाधन जुटाए। बैंक ने अब तक ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, यूरो, ग्रेट ब्रिटेन पाउंड, जापानी येन, मैक्सिकन पीसो, ऑफशोर

बैंक ने मालदीव सरकार के हाउसिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को मोहन मुथा-अशोका बिल्डकॉन एलएलपी द्वारा निष्पादित की जा रही हुलहुमाले परियोजना हेतु सड़क नेटवर्क के विकास के लिए 34.33 मिलियन यूएस डॉलर की क्रेता ऋण-एनईआईए सुविधा प्रदान की।

The Bank extended Buyer's Credit-NEIA facility of US$ 34.33 mn to Housing Development Corporation Ltd., Maldives for development of road network for Hulhumalé project being executed by Mohan Mutha-Ashoka Buildcon LLP.

achieve positive social outcomes. The funds raised from the bond were allocated to infrastructure projects in the Mekong Region covering projects in Cambodia, Myanmar and Vietnam. The 3-year US$ 50 million Socially Responsible Bond was issued at a fixed coupon of 2.38 per cent per annum. The bond is exclusively placed with The Dai-ichi Life Insurance Company Ltd. of Japan. The private placement was awarded in the mtn-i Global Awards under the SRI: Green/Social Category as one of the Deals of the Year.

The Bank, in September 2019, successfully returned to the Samurai Bond market and issued a dual tranche JPY 32 billion transaction consisting of 3-year and 5-year fixed rate tranches. The coupon rates were fixed at 0.59 per cent and 0.66 per cent per annum, respectively. The transaction represents Exim Bank's first standalone Samurai issuance (without any guarantee) since 2006. Exim Bank has been maintaining its credit reputation and recognition by issuing JBIC-guaranteed Samurai bonds since 2011 and Uridashi bonds in different currencies including JPY targeting Japanese retail investors. The order book closed at JPY 91 billion representing 3 times oversubscription;

रेनमिन्बी, सिंगापुर डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, स्विस फ्रैंक, तुर्की लीरा तथा यूएस डॉलर आदि विभिन्न विदेशी मुद्राओं में संसाधन जुटाए हैं।

अंतरराष्ट्रीय और घरेलू रेटिंग

बैंक को मूडीज ने बीएए3 (ऋणात्मक) रेटिंग, एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने बीबीबी– (स्थिर), फिच ने बीबीबी– (ऋणात्मक) रेटिंग तथा जापान क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा बीबीबी+ (स्थिर) रेटिंग प्रदान की गई है। उपरोक्त सभी रेटिंग निवेश ग्रेड या उससे ऊपर की रेटिंग हैं, जो भारत की संप्रभु रेटिंग के समतुल्य हैं। बैंक के घरेलू ऋण लिखतों को क्रिसिल और इक्रा रेटिंग एजेंसियों से दीर्घावधि ऋण लिखतों के लिए उच्चतम रेटिंग अर्थात 'एएए (स्थिर)' तथा अल्पावधि ऋण लिखतों के लिए ए1+ रेटिंग प्रदान की गई है। बैंक द्वारा जारी अतिरिक्त टियर 1 बॉन्डों को क्रिसिल द्वारा एए+/स्थिर और इक्रा द्वारा एए+(हाइब्रिड) (स्थिर) के रूप में रेट किया गया है।

आस्ति गुणवत्ता

वित्तीय संस्थाओं के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार उस ऋण / कर्ज को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसके संबंध में देय ब्याज और / या मूलधन 90 दिनों से अधिक समय से बकाया हो। यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक की सकल अनर्जक आस्तियां ₹ 93.62 बिलियन की रहीं, जो बैंक के कुल ऋणों तथा अग्रिमों का 8.75 प्रतिशत है। यथा 31 मार्च, 2020 को (प्रावधान घटाकर) बैंक की निवल अनर्जक आस्तियां ₹ 17.57 बिलियन की रहीं, जो निवल ऋणों

घाना सरकार को 447.17 मिलियन यूएस डॉलर की क्रेता ऋण–एनईआईए सुविधा के अंतर्गत एफ्कॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा निष्पादित की जा रही 97.63 किमी की रेलवे लाइन के डिजाइन और निर्माण संबंधी परियोजना।

Project for design and construction of 97.63 km railway line being executed by Afcons Infrastructure Ltd. under Buyer's Credit-NEIA facility of US$ 447.17 mn to the Government of Ghana.

with JPY 78.9 billion of demand for the 3-year tranche and JPY 12.1 billion for the 5-year tranche. The total issue size was then capped at JPY 32 billion (US$ 300 million equivalent) allocated as JPY 25 billion for the 3-year tranche and JPY 7 billion for the 5-year tranche.

The Bank also raised funds through loans and private placement of bonds. So far, the Bank has raised FC resources in diverse currencies including Australian Dollars, Euros, Great Britain Pounds, Japanese Yen, Mexican Peso, Offshore Renminbi, Singapore Dollars, South African Rand, Swiss Francs, Turkish Lira and United States Dollars.

International and Domestic Rating

The Bank is rated Baa3 (Negative) by Moody's, BBB- (Stable) by S&P Global Ratings, BBB- (Negative) by Fitch Ratings and BBB+ (Stable) by Japan Credit Rating Agency. All the above ratings are of investment grade or above and are the same as the sovereign rating. The Bank's domestic debt instruments continued to enjoy the highest rating viz., 'AAA (Stable)' for long-term instruments and A1+ for short-term instruments from the rating agencies CRISIL and ICRA. The Additional Tier 1 Bonds, issued by the Bank have been rated as AA+/Stable by CRISIL and AA+(Hyb) (Stable) by ICRA.

Asset Quality

As per the Reserve Bank of India (RBI)'s prudential norms for Financial Institutions, a credit / loan facility in respect of which interest and / or principal has remained overdue for more than 90 days, is defined as a Non-Performing Asset (NPA). The Bank's gross NPAs at ₹ 93.62 billion worked out to 8.75 per cent of the total loans and advances as of March 31, 2020. The Bank's NPAs (net of provisions) of ₹ 17.57 billion as of March 31, 2020, were

बैंक ने अफ़गानिस्तान में ग़ज़नी से कंधार तक 363 किमी लंबी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना के लिए केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड को गारंटी सुविधा प्रदान की।

The Bank extended guarantee facility to KEC International Ltd. for a project of 363 km transmission line from Ghazni to Kandahar in Afghanistan.

तथा अग्रिमों (प्रावधान घटाकर) की 1.77 प्रतिशत हैं। यथा 31 मार्च, 2020 को प्रावधान कवरेज अनुपात 88.76 प्रतिशत रहा।

आस्ति वर्गीकरण

'अवमानक आस्तियां' वे होती हैं, जिनका ब्याज और / अथवा मूलधन 90 दिनों से अधिक समय से बकाया होता है। जब ऐसी अवमानक आस्तियां 12 माह से अधिक अवधि तक अनर्जक आस्ति के रूप में बनी रहती हैं, तो उन्हें 'संदिग्ध आस्तियों' को रूप में वर्गीकृत किया जाता है। 'हानि आस्तियां' वे होती हैं जो वसूली योग्य नहीं समझी जातीं। यथा 31 मार्च, 2020 को सकल अनर्जक आस्तियों में 1.51 प्रतिशत की अवमानक आस्तियां और 7.24 प्रतिशत की संदिग्ध आस्तियां रहीं। यथा 31 मार्च, 2020 को निवल अनर्जक आस्तियों में 0.91 प्रतिशत की अवमानक आस्तियां और 0.86 प्रतिशत की संदिग्ध आस्तियां रहीं। यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक की कोई हानि आस्तियां नहीं रहीं।

पूँजी पर्याप्तता

जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूँजी का अनुपात (सीआरएआर) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम 9 प्रतिशत के मुकाबले यथा 31 मार्च, 2020 को 20.13 प्रतिशत रहा, जो यथा 31 मार्च, 2019 को 19.07 प्रतिशत था। ऋण-इक्विटी अनुपात यथा 31 मार्च, 2019 के 6.29 प्रतिशत की तुलना में यथा 31 मार्च, 2020 को 6.46 प्रतिशत रहा।

अधिकतम ऋण सीमा (एक्सपोज़र) मानदंड

आरबीआई ने अखिल भारतीय मीयादी ऋणदात्री संस्थाओं के लिए 31 मार्च, 2002 से एकल उधारकर्ताओं के लिए अधिकतम ऋण सीमा वित्तीय संस्था की कुल पूँजी निधियों (टीसीएफ) की 15 प्रतिशत और समूह उधारकर्ताओं के

at 1.77 per cent of the net loans and advances (net of provisions) as of March 31, 2020. The Provision Coverage Ratio as of March 31, 2020 was 88.76 per cent.

Asset Classification

Sub-standard assets are those where interest and / or principal remains overdue for more than 90 days. Sub-standard assets that have remained as NPAs for a period exceeding 12 months are classified as doubtful assets. Loss assets are those considered uncollectable. The gross NPAs as on March 31, 2020, comprised sub-standard assets of 1.51 per cent, and doubtful assets of 7.24 per cent. The net NPAs as of March 31, 2020, comprised sub-standard assets of 0.91 per cent, and doubtful assets of 0.86 per cent. The Bank did not have any loss assets as of March 31, 2020.

Capital Adequacy

The Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR) was 20.13 per cent as on March 31, 2020, as compared to 19.07 per cent as on March 31, 2019, as against a minimum 9 per cent norm stipulated by the RBI. The Debt-Equity Ratio as on March 31, 2020, was 6.46 as compared to 6.29 as on March 31, 2019.

Exposure Norms

RBI has prescribed credit exposure limits for all-India term lending institutions, at 15 per cent of the financial institutions' Total Capital Funds (TCF), effective from March 31, 2002, for exposure to individual borrowers and at 40 per cent of TCF for group borrowers. An additional exposure up to 5 per cent of TCF (i.e. a total exposure up to 20 per cent of TCF for single borrowers and 45 per cent of TCF for group borrowers) can be taken in exceptional circumstances, with the prior approval of the Board. The exposure ceilings for

गिनी सरकार को सौर परियोजनाओं के लिए प्रदान की गई 20.22 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था और ग्रैंड कोनाक्री की पेयजल आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदान की गई 170 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था संबंधी करारों का आदान-प्रदान श्री एस. जयशंकर, विदेश मंत्री, भारत सरकार की उपस्थिति में किया गया।

Exchange of agreements for Lines of Credit of US$ 20.22 mn for solar projects and US$ 170 mn for strengthening the drinking water supply of Grand Conakry, extended to the Government of Guinea, in the presence of Shri. S. Jaishankar, Minister for External Affairs, Government of India.

लिए टीसीएफ की 40 प्रतिशत निर्धारित की है। बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से असाधारण मामलों में यह सीमा टीसीएफ के पांच प्रतिशत तक और बढ़ाई जा सकती है अर्थात एकल उधारकर्ता के लिए यह सीमा वित्तीय संस्था की कुल पूँजी निधियों की 20 प्रतिशत तक और समूह उधारकर्ताओं के लिए टीसीएफ की 45 प्रतिशत तक हो सकती है। एकल उधारकर्ताओं और समूह उधारकर्ताओं के लिए इस अधिकतम ऋण सीमा (क्रमशः 20 प्रतिशत और 45 प्रतिशत) को क्रमशः अतिरिक्त 5 प्रतिशत बिंदुओं (अर्थात कुल पूँजी निधियों की 5 प्रतिशत) और 10 प्रतिशत बिंदुओं (अर्थात कुल पूँजी निधियों की 10 प्रतिशत) तक और बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते कि बढ़ाई गई ऋण सीमा भारत में बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए हो। यथा 31 मार्च, 2020 को एकल तथा समूह उधारकर्ताओं को बैंक की वित्तीय सहायता भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर रही। यथा 31 मार्च, 2020 को ऐसा कोई उधारकर्ता नहीं रहा, जिस पर एक्सपोज़र कुल पूँजी निधि के 15 प्रतिशत से अधिक रहा हो और जिसके लिए निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त किया गया हो।

individual borrowers and group borrowers can be exceeded by an additional 5 percentage points (i.e. 5 per cent of TCF) and 10 percentage points (i.e.10 per cent of TCF), respectively (over and above the maximum limits of 20 per cent and 45 per cent, respectively), provided the additional credit exposure is on account of infrastructure projects in India. The Bank's credit exposures to single and group borrowers as on March 31, 2020, were within the limits stipulated by the RBI. There were no borrowers as on March 31, 2020, for whom exposure over 15 per cent of capital funds was assumed with the approval of the Board.

RBI has advised financial institutions to adopt internal limits on exposures to specific industry

आरबीआई ने वित्तीय संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे विशिष्ट उद्योग क्षेत्रों को ऋण सहायता के लिए अपनी आंतरिक सीमाएं निर्धारित करें, ताकि विभिन्न क्षेत्रों को ऋण का समान रूप से वितरण हो सके। बैंक द्वारा प्रत्येक उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतम ऋण सीमा, सभी उद्योग क्षेत्रों को बैंक के ऋण एक्सपोज़र की 15 प्रतिशत निर्धारित की गई है। यथा 31 मार्च, 2020 को किसी भी एकल उद्योग को बैंक का एक्सपोज़र सभी उद्योग क्षेत्रों को बैंक के कुल एक्सपोज़र के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं रहा।

sectors to ensure that the exposures are more evenly spread over various sectors. The exposure limit adopted by the Bank for each industry sector is 15 per cent of the Bank's aggregate credit exposure to all industry sectors. None of the Bank's exposures to individual industry sectors was more than 15 per cent of its total industry exposure as on March 31, 2020.

व्यवसाय परिचालन
BUSINESS OPERATIONS

निर्यातों के वित्तपोषक के रूप में
एक्ज़िम बैंक

Exim Bank as a
Financier of Exports

परियोजनाओं, उत्पादों और सेवाओं का निर्यात

एक्ज़िम बैंक परियोजनाओं एवं परामर्शी सेवाओं के निर्यात को सुगम बनाने के लिए क्रेता ऋण, आपूर्तिकर्ता ऋण, पूँजीगत उपकरण वित्त, निर्यात परियोजना नकदी प्रवाह घाटा वित्त, गारंटियां और साख-पत्र जैसे विभिन्न निर्यात ऋण उत्पाद प्रदान करता है। बैंक भारतीय परियोजना निर्यातकों को निधिक और परियोजना संबंधी गारंटियों के जरिए गैर-निधिक दोनों प्रकार की सहायता सहित व्यापक वित्तपोषण पैकेज प्रदान करता है।

निर्यात कॉन्ट्रैक्ट

वर्ष के दौरान एक्ज़िम बैंक ने अपनी वाणिज्यिक ऋण योजना के अंतर्गत कुल 2.80 बिलियन यूएस डॉलर के 38 परियोजना निर्यात कॉन्ट्रैक्टों को सहायता दी। बैंक द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त कुछ प्रमुख परियोजना निर्यात कॉन्ट्रैक्टों में निम्नलिखित शामिल रहेः

- बांग्लादेश में धारखर से सराइल तक चार लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण और रखरखाव का एफ्कॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को प्रदान किया गया कॉन्ट्रैक्ट;
- नाइजीरिया में डांगोटे रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स परियोजना के लिए डिजाइन, विनिर्माण और केबलों तथा तारों की आपूर्ति का पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड द्वारा हासिल किया गया कॉन्ट्रैक्ट;
- निकारागुआ में सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइनों के डिजाइन, आपूर्ति और संबद्ध सेवाओं तथा सबस्टेशनों के स्थानांतरण और विस्तार के लिए ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड द्वारा हासिल किया गया कॉन्ट्रैक्ट;

69.62 मिलियन यूएस डॉलर की क्रेता ऋण-एनईआईए सुविधा के अंतर्गत अशोक लेलैंड ने सेनेगल को 675 वाहनों, पुर्जों और संबंधित सेवाओं की आपूर्ति की। इन बसों में दिव्यांगों के लिए रैंप लगे हैं, जो देश में अपनी तरह की प्रथम पहल है।

Under a Buyer's Credit-NEIA facility of US$ 69.62 mn, Ashok Leyland has supplied 675 vehicles alongwith spares to Senegal. The buses are equipped with ramps for the differently-abled, which were introduced for the first time in the country.

Projects, Products and Services Exports

Exim Bank provides a wide range of export credit products to facilitate export of projects and consultancy services such as buyer's credit, supplier's credit, capital equipment finance, export project cash flow deficit finance, guarantees and letters of credit. The Bank offers a comprehensive financing package to Indian project exporters, which includes both funded support as well as non-fund based support by way of project related guarantees.

Export Contracts

During the year, Exim Bank has supported 38 project export contracts valued at US$ 2.80 billion under its commercial window. Some major project exports contracts supported by the Bank during the year include:

- Construction and maintenance of four-lane National Highway from Dharkhar to Sarail in Bangladesh, awarded to Afcons Infrastructure Ltd.;
- Design, manufacture and supply of cables and wires for Dangote Refinery complex project in Nigeria, secured by Polycab India Ltd.;
- Design, supply and related services for building substation, transmission lines and relocation and expansion of substations in Nicaragua, secured by Transrail Lighting Ltd.;
- Design, supply, installation, and commissioning of power transmission line in Togo, secured by KEC International Ltd.;
- Engineering, Procurement and Construction (EPC) of three Central Processing Facilities for a gas field development project being developed by Sonatrach in Algeria, secured by L&T Hydrocarbon Engineering Ltd.;
- EPC of container berth, back up yard, building, utilities, for development of container terminal at the Yangon port, Myanmar, by ITD Cementation India Ltd.;

बैंक ने मिस्र में कुल150 मेगावाट की क्षमता वाली तीन सौर ईपीसी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड को सहायता प्रदान की। यह परियोजना देश की उच्च ऊर्जा मांग को पूरा करने में मदद कर रही है।

The Bank supported Sterling and Wilson Solar Ltd. for executing three solar EPC projects in Egypt with aggregate capacity of 150 MW. The project is enabling the country to meet its high-energy demand.

- टोगो में विद्युत ट्रांसमिशन लाइन के डिजाइन, आपूर्ति, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग का केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा हासिल किया गया कॉन्ट्रैक्ट;
- अल्जीरिया में सोनात्राश द्वारा लगाई जा रही एक गैस फील्ड विकास परियोजना के लिए एल एंड टी हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा हासिल किया गया तीन केंद्रीय प्रसंस्करण सुविधाओं का इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और निर्माण (ईपीसी) कॉन्ट्रैक्ट;
- म्यांमार में आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड द्वारा याँगॉन बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल के विकास के लिए कंटेनर बर्थ, बैक अप यार्ड, भवन, और सुविधाओं के विकास के लिए ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट;
- चिले में 190 मेगावाट के डीसी फोटोवोल्टिक संयंत्र के डिजाइन, इंजीनियरिंग, प्रापण, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग के लिए स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड द्वारा हासिल किया गया कॉन्ट्रैक्ट; और
- सूरीनाम में वर्टिकल ऐक्सियल पंपों को लगाने के लिए किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड द्वारा हासिल किया गया डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति और निगरानी संबंधी कॉन्ट्रैक्ट।

निर्यात ऋण और गारंटियां

वर्ष के दौरान, बैंक ने परियोजना निर्यातों के लिए भारतीय निर्यातकों को क्रेता ऋण और निधिक / गैर–निधिक सहायता के जरिए कुल ₹ 39.76 बिलियन के निर्यात ऋणों और गारंटियों को अनुमोदन प्रदान किया। इनके अंतर्गत वर्ष के दौरान ₹ 11.45 बिलियन के संवितरण किए गए और कुल ₹ 44.83 बिलियन की गारंटियां जारी की गईं। ये गारंटियां विदेशों में मुख्य रूप से तेल और गैस, विद्युत उत्पादन,

- Design, engineering, procurement, supply, construction and commissioning of 190 MW DC solar photovoltaic plant in Chile, secured by Sterling and Wilson Solar Ltd.; and
- Design, manufacture, supply and supervision of the installation and commissioning of vertical axial pumps in Suriname, by Kirloskar Brothers Ltd.

Export Credits and Guarantees

During the year, the Bank approved export credits and guarantees aggregating ₹ 39.76 billion by way of buyer's credit and funded/non-funded support to Indian exporters for project exports. Disbursements amounting to ₹ 11.45 billion and guarantees aggregating ₹ 44.83 billion were issued during the year. These guarantees mainly pertain to overseas projects in sectors such as oil and gas, power generation, transmission and distribution, infrastructure development, solar EPC, consultancy services, etc. Disbursements under the commercial Buyer's Credit programme aggregated ₹ 8.77 billion for exports to countries that include Bhutan, Sri Lanka, Thailand, UAE, the USA and more than 14 countries in Africa. During the year, Exim Bank has also extended a credit line of US$ 100 million to African Export-Import Bank and US$ 10 million to DFCC Bank Plc, Sri Lanka, to facilitate export of goods and services from India.

Buyer's Credit under the National Export Insurance Account

The Bank has sanctioned an aggregate amount of US$ 2.67 billion, for 30 projects, valued at US$ 2.88 billion, as on March 31, 2020, which include: Transmission line projects in Cameroon, Mauritania, Senegal, Zambia and Kenya; a railway line project in Ghana; water supply projects in Uganda and Cameroon; and road project in Maldives.

ज़ेस्को लिमिटेड ज़ाम्बिया को 20.35 मिलियन यूएस डॉलर की क्रेता ऋण-एनईआईए सुविधा के अंतर्गत ट्रांसमिशन लाइन, वितरण नेटवर्क और सबस्टेशनों के निर्माण का कार्य केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड को सौंपा गया। इस परियोजना से क्षेत्र के अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, सरकारी कार्यालय और 3 लाख से ज्यादा निवासी लाभान्वित हुए।

Construction of transmission line, distribution network and substations was awarded to KEC International Ltd. under Buyer's Credit-NEIA facility of US$ 20.35 mn to ZESCO Ltd., Zambia. The project has benefited hospitals, educational institutes, government offices and over 300,000 residents of the region.

ट्रांसमिशन और वितरण, बुनियादी ढांचागत विकास, सोलर ईपीसी, परामर्शी सेवाओं जैसे क्षेत्रों की परियोजनाओं से संबंधित रहीं। वाणिज्यिक क्रेता ऋण के अंतर्गत भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, यूएसए और अफ्रीका में 14 से अधिक देशों को भारत से निर्यातों के लिए ₹ 8.77 बिलियन के संवितरण किए गए। वर्ष के दौरान, एक्ज़िम बैंक ने भारत से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यातों को सुगम बनाने के लिए अफ्रीकी निर्यात-आयात बैंक को 100 मिलियन यूएस डॉलर और डीएफसीसी बैंक, पीएलसी, श्रीलंका को 10 मिलियन यूएस डॉलर की क्रेडिट लाइनें भी प्रदान कीं।

राष्ट्रीय निर्यात बीमा खाते के अंतर्गत क्रेता ऋण

बैंक द्वारा यथा 31 मार्च, 2020 को 2.88 बिलियन यूएस डॉलर मूल्य की 30 परियोजनाओं के लिए 2.67 बिलियन यूएस डॉलर की राशि को मंजूरी प्रदान की गई। इनमें प्रमुख परियोजनाएं निम्नलिखित हैं: कैमरून, मॉरिटानिया, सेनेगल, ज़ाम्बिया और केन्या में ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाएं; घाना में रेलवे लाइन परियोजना; यूगांडा और कैमरून में जल आपूर्ति परियोजनाएं और मालदीव में सड़क परियोजना।

विभिन्न प्रमुख भारतीय परियोजना निर्यातकों के अनुरोध पर बीसी-एनईआईए के अंतर्गत बैंक ने 4.10 बिलियन यूएस डॉलर मूल्य की 28 परियोजनाओं को कुल 3.53 बिलियन यूएस डॉलर की राशि का सहयोग प्रदान करने के लिए सिद्धांततः सहमति भी दी है।

The Bank has also given in-principle commitments for an aggregate amount of US$ 3.53 billion supporting 28 projects valued at US$ 4.10 billion, under BC-NEIA at the request of several leading Indian project exporters.

Lines of Credit

Exim Bank, on behalf and with the support of GOI extends Lines of Credit (LOCs) to sovereign governments, regional development banks and overseas entities to promote development in partner countries. During the year, the Bank extended 27 LOCs, aggregating US$ 3.40 billion, to support export of projects, goods and services from India. LOCs extended by the Bank during the year include LOCs to the Governments of Bolivia, Comoros, D.R. Congo, Gambia, Ghana, Guinea, Madagascar, Mali, Mongolia, Mozambique, Nicaragua, Nigeria, Russian Federation, Rwanda, Seychelles, Sri Lanka, Suriname, Togo, Uzbekistan and Zimbabwe. These LOCs will catalyze exports by way of financing projects such as farm mechanisation, food processing and irrigation development, establishment of rural broadband network, thermal power plant, petrochemical refinery project, solar power projects, social infrastructure and development projects, construction of hospitals and setting up of water supply schemes. The Exim Bank has built up a portfolio of 259 GOI supported LOCs with credit commitments aggregating US$ 25.46 billion, which are at various stages of implementation. With ever expanding reach, the LOCs have gained momentum in stimulating economic growth across 64 countries in Africa, Asia, Latin America, Oceania and the CIS region.

Concessional Financing Scheme

Exim Bank has extended a term loan of US$ 1.60 billion to the Bangladesh-India Friendship Power Company Pvt. Ltd. (a 50:50 joint venture

ऋण-व्यवस्थाएं

एक्ज़िम बैंक, साझेदार देशों में विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की ओर से तथा सरकार के सहयोग से, संप्रभु सरकारों, क्षेत्रीय विकास बैंकों और विदेशी संस्थाओं को ऋण-व्यवस्थाएं प्रदान करता है। वर्ष के दौरान, बैंक ने भारत से परियोजनाओं, वस्तुओं और सेवाओं के निर्यातों को सहयोग के उद्देश्य से 3.40 बिलियन यूएस डॉलर की 27 ऋण-व्यवस्थाएं प्रदान कीं। एक्ज़िम बैंक द्वारा वर्ष के दौरान प्रदान की गई ऋण-व्यवस्थाओं में बोलिविया, कोमोरोस, डी.आर. कांगो, गाम्बिया, घाना, गिनी, मेडागास्कर, माली, मंगोलिया, निकारागुआ, नाइजीरिया, रूस, रवांडा, सेशेल्स, श्रीलंका, सूरीनाम, टोगो, उज़्बेकिस्तान और ज़िम्बाब्वे की सरकारों को प्रदान की गई ऋण-व्यवस्थाएं शामिल रहीं। ये ऋण-व्यवस्थाएं कृषि मशीनीकरण, खादय प्रसंस्करण और सिंचाई विकास, ग्रामीण ब्रोडबैंड नेटवर्क स्थापित करने, थर्मल पॉवर प्लांट, पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी परियोजना, सौर विद्युत परियोजनाओं, सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाओं, अस्पतालों के निर्माण और जल आपूर्ति प्रणाली की स्थापना जैसी परियोजनाओं के वित्तपोषण के माध्यम से भारतीय निर्यातों को बढ़ावा देंगी। एक्ज़िम बैंक द्वारा 25.46 बिलियन यूएस डॉलर की ऋण प्रतिबद्धताओं के साथ भारत सरकार की ओर से 259 ऋण-व्यवस्थाएं प्रदान की गई हैं, जिनके अंतर्गत परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इन ऋण-व्यवस्थाओं के जरिए निरंतर विस्तार के दृष्टिकोण के साथ अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका, ओशिआनिया और सीआईएस क्षेत्रों में 64 देशों के आर्थिक विकास को गति मिली है।

रियायती वित्तपोषण योजना

एक्ज़िम बैंक ने बांग्लादेश के रामपाल में टर्नकी आधार पर 1320 मेगावाट (2x2660 मेगावाट) की रणनीतिक अल्ट्रा सुपर-क्रिटिकल मैत्री सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के वित्तपोषण के लिए 1.60 बिलियन यूएस डॉलर का मीयादी ऋण प्रदान किया है। यह ऋण बांग्लादेश पॉवर डेवलपमेंट बोर्ड, बांग्लादेश और एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की 50:50 की हिस्सेदारी वाली संयुक्त उद्यम कंपनी 'बांग्लादेश-इंडिया फ्रेंडशिप पॉवर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड' को प्रदान किया गया है। इस टर्नकी परियोजना का कार्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को मिला था। इस परियोजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का चयन किया गया है। मैत्री सुपर थर्मल पॉवर परियोजना बांग्लादेश की सबसे बड़ी विद्युत परियोजनाओं में से एक होगी। यह विद्युत संयंत्र बांग्लादेश

between the Bangladesh Power Development Board, Bangladesh and NTPC Ltd., India) for financing the strategic 1320 MW (2x2660 MW) ultra super-critical Maitree Super Thermal Power Project on turnkey basis at Rampal, Bangladesh. The contract was awarded to Bharat Heavy Electricals Ltd., following an International Competitive Bidding process. State-of-the-art technologies have been selected for this project to make it an environment-friendly project. Once commissioned, the Maitree Super Thermal Power Project is expected to be one of the largest power plants in Bangladesh. The power plant is part of the Government of Bangladesh's plan for infrastructure development in the country, particularly in the power sector, augmenting the power generation capacity and reducing the current power deficit. During the year, drawals under the loan aggregated US$ 373.79 million.

Building Export Competitiveness

The Bank operates a range of financing programmes aimed at enhancing the export competitiveness of Indian companies. During FY 2019-20, Exim Bank sanctioned loans aggregating ₹ 118.47 billion under programmes for enhancing export competitiveness. Disbursements amounted to ₹ 108.28 billion under these programmes.

एक्ज़िम बैंक ने गैबॉन में NKOK SEZ में लकड़ी और प्लाइवुड विनिर्माण के लिए ग्रीनफील्ड इकाई स्थापित करने के लिए ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड को सहायता प्रदान की। दो साल में इस इकाई की उत्पादन क्षमता 150 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई।

Exim Bank supported Greenply Industries Ltd. for setting up a greenfield veneer and plywood manufacturing unit at NKOK SEZ, in Gabon. In two years, the production capacity of the unit has increased by more than 150 per cent.

बैंक ने फ्रीटाउन, सिएरा लिओन में 200 कमरों वाले होटल के डिजाइन और निर्माण संबंधी कॉन्ट्रैक्ट के निष्पादन के लिए शापूरजी पालोनजी मिडईस्ट एलएलसी को गारंटी सुविधा प्रदान की।

The Bank extended guarantee facility to Shapoorji Pallonji Mideast LLC for the execution of a contract for design and construction of a 200-room hotel in Freetown, Sierra Leone.

सरकार की बुनियादी ढांचागत विकास, विशेष रूप से विद्युत क्षेत्र के लिए तैयार की गई योजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य बांग्लादेश में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर देश में बिजली की कमी को दूर करना है। वर्ष के दौरान, उक्त ऋण के अंतर्गत 373.79 मिलियन यूएस डॉलर की राशि आहरित की गई।

निर्यात स्पर्धात्मकता का विकास

बैंक भारतीय कंपनियों की निर्यात स्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए कई वित्तपोषण कार्यक्रमों के जरिए सहयोग प्रदान करता है। एक्ज़िम बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, निर्यात स्पर्धात्मकता बढ़ाने के अपने इन कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल ₹ 118.47 बिलियन के ऋणों को मंजूरी प्रदान की गई और इन कार्यक्रमों के अंतर्गत ₹ 108.28 बिलियन की राशि का संवितरण किया गया।

निर्यात उन्मुख इकाइयों (ईओयू) को ऋण

वर्ष के दौरान, बैंक ने 17 निर्यातोन्मुखी इकाइयों को ₹ 33.94 बिलियन के मीयादी ऋणों को अनुमोदन प्रदान किया। ₹ 23.10 बिलियन की राशि का संवितरण किया गया। उत्पादन उपकरण वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत, चार निर्यातक कंपनियों को उत्पादन उपकरण के अधिग्रहण के वित्तपोषण के लिए ₹ 7.43 बिलियन की राशि मंजूर की गई। ₹ 3.96 बिलियन की राशि का संवितरण किया गया।

प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस)

एक्ज़िम बैंक, प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) के तहत परियोजनाओं की पात्रता निर्धारण और अनुमोदन तथा अनुमोदित परियोजनाओं को सीधे सब्सिडी जारी करने के लिए वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोडल एजेंसियों में से एक है। बैंक ने अब तक ₹ 185.77 बिलियन की कुल लागत वाली 233 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया। कुल अनुमोदित ऋणों और संवितरण की राशि क्रमशः

Loans to Export Oriented Units (EOUs)

During the year, the Bank approved term loans of ₹ 33.94 billion to 17 EOUs. Disbursements amounted to ₹ 23.10 billion. Under the Production Equipment Finance Programme, 4 exporting companies were sanctioned ₹ 7.43 billion for financing acquisition of production equipment. Disbursements amounted to ₹ 3.96 billion.

Technology Upgradation Fund Scheme (TUFS)

Exim Bank is one of the nodal agencies appointed by the Ministry of Textiles, GOI, to establish and approve the eligibility of projects under TUFS, and release subsidy directly to the approved projects. So far, the Bank had accorded approval for 233 projects with aggregate cost of ₹ 185.77 billion. Loans approved and disbursed aggregated ₹ 67.89 billion and ₹ 50.71 billion, respectively. The Bank's assistance to the textile industry under TUFS is spread across various segments of textile manufacturing and covers several states in India.

Overseas Investment Finance Programme

The Bank has a comprehensive programme covering equity finance, loans, guarantees and advisory services, to support Indian outward investment. During the year, 16 corporates were sanctioned funded and non-funded assistance aggregating ₹ 28.37 billion for part financing their overseas investments in eight countries. So far, Exim Bank has provided finance to 634 ventures set up by 475 companies in 78 countries. Overseas investments supported during the year include setting up of a greenfield manufacturing facility in Morocco for the production and supply of auto components to a global manufacturer of steering and driveline products in Morocco, working capital for a plant manufacturing oleoresins in China,

₹ 67.89 बिलियन और ₹ 50.71 बिलियन रही। टीयूएफएस के अंतर्गत बैंक द्वारा जिन इकाई को सहयोग प्रदान किया गया है, वे वस्त्र विनिर्माण के विभिन्न खंडों से संबंधित हैं और भारत के कई राज्यों में फैली हुई हैं।

विदेशी निवेश वित्त कार्यक्रम

भारत के जावक निवेश को सहयोग प्रदान करने के लिए बैंक का एक व्यापक कार्यक्रम है, जिसमें इक्विटी वित्त, ऋण, गारंटियां और सलाहकारी सेवाएं शामिल हैं। वर्ष के दौरान, 16 कंपनियों को आठ देशों में उनके विदेशी निवेशों के आंशिक वित्तपोषण के लिए कुल ₹ 28.37 बिलियन की निधिक और गैर–निधिक सहायता मंजूर की गई। एक्ज़िम बैंक ने अब तक 78 देशों में 475 कंपनियों द्वारा स्थापित 634 उद्यमों को वित्त प्रदान किया है। वर्ष के दौरान सहयोग प्रदान किए गए विदेशी निवेशों में अन्य के साथ–साथ, मोरक्को में ऑटो पुर्जों के उत्पादन और आपूर्ति के लिए स्टीयरिंग तथा ड्राइवलाइन उत्पादों के एक वैश्विक विनिर्माता को एक ग्रीनफील्ड विनिर्माण सुविधा की स्थापना, चीन में ओलिओरेज़िन विनिर्माण संयंत्र के लिए कार्यशील पूँजी, इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर बोतलों और ड्रमों के विनिर्माण के लिए अमेरिका में इकाइयों की स्थापना, ओमान में स्थानीय विद्युत उत्पादन के साथ ग्रीनफील्ड कैल्साइन्ड पेट्रोलियम कोक विनिर्माण परियोजना की स्थापना का वित्तपोषण शामिल है। बैंक द्वारा विदेशी निवेश वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत कुल ₹ 612.64 बिलियन की राशि की सहायता प्रदान की गई है, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, घरेलू साज–सज्जा, सिले–सिलाए कपड़े, निर्माण, कागज तथा कागज उत्पाद, टेक्सटाइल, गारमेंट, रसायन, रंजक (डाई), कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरी सामान, स्वास्थ्य सेवा, प्राकृतिक संसाधन (कोयला और वन), धातु तथा धातु प्रसंस्करण, कृषि तथा कृषि आधारित उत्पाद, स्टील, तेल और गैस जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

आपाती साख पत्र (एसबीएलसी)/साख पत्र (एलसी)

निर्यातोन्मुखी इकाइयों के व्यापार को सुगम बनाने के लिए बैंक, मुख्यतः अपने द्वारा वित्तपोषित आयातों के लिए साख–पत्र (एलसी) जारी करता है। बैंक निर्यातोन्मुखी इकाइयों को उनके विदेशी उद्यमों के लिए निधियां जुटाने में सक्षम बनाने के लिए गारंटियों / आपाती साख पत्रों के जरिए प्रतिस्पर्धी दरों पर वित्तीय गारंटियां भी प्रदान करता है। वर्ष के दौरान, बैंक ने परियोजना निर्यात कॉन्ट्रैक्टों के लिए गारंटियों के अलावा ₹ 4.37 बिलियन की वित्तीय गारंटियां जारी कीं। बैंक का वित्तीय गारंटी पोर्टफोलियो यथा 31 मार्च, 2019 के

setting up of units in the USA for the manufacture of Intermediate Bulk Container bottles and drums, setting up of a greenfield Calcined Petroleum Coke manufacturing project with captive power generation in Oman, amongst others. Aggregate assistance extended towards overseas investment amounts to ₹ 612.64 billion covering various sectors including pharmaceuticals, home furnishings, readymade garments, construction, paper and paper products, textiles, garments, chemicals, dyes, computer software and IT, engineering goods, healthcare, natural resources, metal and metal processing, agriculture, agro-based products, steel, oil and gas.

Standby Letters of Credit (SBLC) / Letters of Credit (LC)

To facilitate the transactions of EOUs, the Bank issues LCs mainly for imports financed by the Bank. The Bank also extends financial guarantees by way of guarantees / SBLCs to enable EOUs raise funds for their overseas ventures at competitive rates. During the year, the Bank, in addition to guarantees for project export contracts, issued financial guarantees, amounting to ₹ 4.37 billion. This financial guarantee portfolio stood at ₹ 17.31 billion as on March 31, 2020, as against ₹ 17.64 billion as on March 31, 2019. During the year, the Bank opened 33 LCs aggregating ₹ 17.64 billion. The

बांग्लादेश सरकार को प्रदत्त 2 बिलियन यूएस डॉलर की ऋण–व्यवस्था के अंतर्गत यूनिवर्सल इंडस्ट्रियल ने बांग्लादेश के सड़क और राजमार्ग विभाग को 10 स्पॉट मिक्सिंग एस्फाल्ट मशीनों की आपूर्ति की।

Universal Industrial supplied 10 spot mixing asphalt machines to the Roads and Highways Department of Government of Bangladesh under Line of Credit of US$ 2 bn.

बैंक ने सऊदी अरब द्वारा स्थापित नई निर्यात ऋण एजेंसी के लिए वित्तपोषण उत्पादों के विकास के लिए परामर्शी सेवाएं प्रदान करने संबंधी अपना कार्य पूरा किया।

The Bank completed a consultancy services assignment to develop financing products for the new export credit agency set up by Saudi Arabia.

₹ 17.64 बिलियन की तुलना में यथा 31 मार्च, 2020 को ₹ 17.31 बिलियन का रहा। वर्ष के दौरान बैंक ने ₹ 17.64 बिलियन के 33 साख पत्र जारी किए। बैंक निर्यात दस्तावेजों के निगोशिएशन/वसूली संबंधी कार्य भी संभालता है। बैंक ने ₹ 76.18 बिलियन के 1218 निर्यात दस्तावेज संभाले।

Bank also handles negotiation / collection of export documents. The Bank handled 1218 export documents worth ₹ 76.18 billion.

निर्यात सुगमकर्ता के
रूप में एक्ज़िम बैंक

Exim Bank as a
Facilitator of Exports

ग्रासरूट पहलें एवं विकास (ग्रिड)

बैंक अपनी ग्रासरूट पहलों के जरिए सामान्य तौर पर ग्रामीण भारत के लघु और सूक्ष्म उद्यमों के वैश्वीकरण के प्रयासों में मदद करता है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य देश के पारंपरिक शिल्पकारों, दस्तकारों तथा ग्रामीण उद्यमियों के लिए नए अवसरों का सृजन करते हुए समाज के वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक जरूरतों का खयाल रखना है। इसे सुगम बनाने के उद्देश्य से बैंक इन उद्यमियों में क्षमता सृजन के लिए ऋणों और अनुदानों, दोनों तरह से उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम

एक्ज़िम बैंक हस्तशिल्प उत्पाद बनाने वाले ग्रामीण दस्तकारों और शिल्पकारों को सहयोग प्रदान करता रहा है, ताकि वे अपने उत्पादों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी बढ़ा सकें। इसके लिए बैंक डिजाइन, कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता रहा है। अपने इन्हीं प्रयासों के क्रम में बैंक ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के पास पेदना गांव के 30 अनुभवी मास्टर बुनकरों के लिए उत्पाद और डिजाइन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए सहायता दी। ये बुनकर महीन कलमकारी कला में लगे हैं, जिनके लिए एक महीने के उत्पाद और डिजाइन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला से इन दस्तकारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नए उत्पाद विकसित करने और उत्पादों की गुणवत्ता को उन्नत बनाने में मदद मिली।

बैंक ने श्रृंखलाबद्ध तरीके से 15 कौशल विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया। इनमें क्राफ्ट और सिलाई कार्यक्रम; उत्पादन के लिए क्षमता सृजन कार्यक्रम; डिजाइन और उत्पाद

बैंक ने अपने विदेशी निवेश वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राइव लाइन पुर्जों की आपूर्ति के लिए मोरक्को में ग्रीनफील्ड विनिर्माण सुविधा की स्थापना के लिए आईएम गियर्स प्रा.लि. को सहायता प्रदान की।

The Bank supported IM Gears Pvt Ltd., under its Overseas Investment Finance Programme for setting up a greenfield manufacturing facility in Morocco for supply of drive line components.

Grassroots Initiatives and Development (GRID)

The Bank, through its grassroots initiatives, envisages supporting globalization of small and micro-enterprises, generally based out of rural India. The main objective of the programme is to address the socio-economic needs of the disadvantaged sections of the society by creating expanded opportunities for traditional craftsmen, artisans and rural entrepreneurs of the country. To facilitate the same, the Bank provides financial support, both in the form of loans and grants, for capacity building exercises.

Workshops and Training Programmes

Exim Bank has been supporting and assisting rural artisans and craftsmen of handicraft products to widen their domestic as well as international presence by organizing design, skill-building and training workshops. As part of this endeavour, the Bank supported a product and design development training programme for 30 master weavers engaged in the intricate 'Kalamkari' art, in Pedana village, near Machilipatnam, Andhra Pradesh, for a period of one month. The workshop enabled new product development and quality upgradation with an objective to augment income generation for the artisans.

The Bank organised a series of 15 skill-development workshops, comprising craft and tailoring programmes, capacity building programmes for production, design and product development workshops, production management trainings, and residential craft manager trainings for 240 unskilled, semi-skilled, and skilled artisans and crafts persons of Rangsutra Crafts India Ltd. (RCIL) in the regions around Barmer, Bikaner, Srinagar and Varanasi. The training benefitted not only the existing community of RCIL's artisans who face the challenges of creating and developing export quality products and establishing robust brand value for themselves, but



घाना में पेयजल प्रणाली के जीर्णोद्धार और उन्नयन के लिए 30 मिलियन यूएस डॉलर और कृषि मशीनीकरण सेवा केंद्रों को सुदृढ़ करने के लिए घाना सरकार को 150 मिलियन यूएस डॉलर की दो ऋण–व्यवस्थाएं प्रदान की गईं।

Signing of Lines of Credit of US$ 30 mn for rehabilitation and upgradation of potable water system and US$ 150 mn for strengthening of agriculture mechanization service centres, extended to the Government of Ghana.

विकास कार्यशालाएं; उत्पादन प्रबंधन प्रशिक्षण; और बाड़मेर, बीकानेर, श्रीनगर तथा वाराणसी के आसपास के क्षेत्रों में 'रंगसूत्र क्राफ्ट्स इंडिया लिमिटेड' (आरसीआईएल) के 240 अकुशल, अर्द्धकुशल और कुशल दस्तकारों और शिल्पकारों के लिए आवासीय क्राफ्ट मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल रहे। यह प्रशिक्षण न केवल निर्यात गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने और विकसित करने तथा अपने लिए एक ब्रैंड वैल्यू बनाने में चुनौती का सामना करने वाले आरसीआईएल के मौजूदा दस्तकारों के लिए लाभप्रद रहा, बल्कि भौगोलिक रूप से विविधता रखने वाले इन चारों क्षेत्रों की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को आगे ले जाने के लिए दस्तकारों की अगली पीढ़ी को समर्थ बनाने में भी मददगार रहा। मुख्य रूप से महिलाएं इस कार्यक्रम की लाभार्थी रहीं।

बैंक ने गुजरात के कच्छ क्षेत्र में स्थित एनजीओ सोमैया कला विद्या के साथ मिलकर हथकरघा उत्पादों के डिजाइन विकास के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के 64 गांवों के 2000 से अधिक दस्तकारों, मुख्य रूप से महिलाओं और किसानों के साथ काम करने वाली संस्था 'अवनी' द्वारा स्थापित 'कुमाऊं अर्थक्राफ्ट को–ऑपरेटिव' के हथकरघा उत्पादों के लिए आयोजित किया गया था। इससे टेक्सटाइल्स, प्राकृतिक

also helped equip the next generation of artisans to carry forward the rich tradition of the handicrafts from the four geographically diverse regions. The beneficiaries of the programme were predominantly women.

The Bank supported a training workshop in association with Somaiya Kala Vidya, an NGO based in the Kutch region of Gujarat, on design development for handloom products for Kumaon Earthcraft Cooperative, established by Avani. Avani is engaged with over 2,000 artisans, predominantly women and farmers, across 64 villages in and around Pithoragarh district of Uttarakhand. It provides sustainable livelihood to the traditional artisans through production and sale of textiles, natural dyes, and other ecological products. The artisans developed 43 prototypes which are envisaged to be launched in exhibitions towards the end of 2020.

The Bank supported 'Social Impact Summit - The Power of Collaboration' organized by Women

रंजकों और अन्य पर्यावरणीय उत्पादों के उत्पादन और बिक्री के जरिए परंपरागत दस्तकारों को निरंतर आजीविका प्रदान करने में मदद मिल रही है। इन दस्तकारों ने कार्यक्रम के दौरान 43 प्रोटोटाइप विकसित किए। वर्ष 2020 के अंत तक इन्हें विभिन्न प्रदर्शनियों में लॉन्च करने की तैयारी है।

बैंक ने 'विमन ऑन विंग्स' (वाव) द्वारा आयोजित 'सोशल इम्पैक्ट समिटः द पॉवर ऑफ कोलैबोरेशन' सम्मेलन के लिए सहयोग दिया। इस सम्मेलन का आयोजन अधिकांश छोटे व्यवसायों से जुड़ी 'वाव' की महिला सदस्यों के लिए वित्त और बाजारों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए किया गया था। इस सम्मेलन के दौरान ग्रामीण भारत में महिलाओं के लिए रोजगार सृजन पर केंद्रित एक ऑनलाइन प्लैटफॉर्म भी लॉन्च किया गया।

बैंक ने स्वयं सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों और सूक्ष्म तथा ग्रासरूट कंपनियों को सूरजकुंड मेले और शरदोत्सव प्रदर्शनी में स्टॉल स्पेस का खर्चा उठाकर सहायता प्रदान की।

एक्ज़िम बाज़ार

एक्ज़िम बैंक देशभर से ग्रासरूट उद्यमों और शिल्पकारों को अपनी अनूठी हस्तशिल्प और हथकरघा प्रदर्शनी 'एक्ज़िम बाज़ार' के माध्यम से सहयोग प्रदान करता रहा है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक्ज़िम बाज़ार के तीन संस्करणों का आयोजन किया। इनमें 25 से अधिक राज्यों के कुल 324 दस्तकारों ने हिस्सा लिया और अपने हस्तनिर्मित

बैंक ने अपने विदेशी निवेश वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत राणे प्रिसीज़न डाई कास्टिंग्स इंक, यूएसए का अधिग्रहण करने के लिए राणे (मद्रास) लिमिटेड को सहायता प्रदान की। रसेलविले स्थित इस विनिर्माण इकाई में ऑटोमोटिव एप्लिकेशनों के लिए उच्च दाब वाली एल्यूमीनियम डाई कास्टिंग का विनिर्माण होता है।

Rane (Madras) Ltd., was supported for acquisition of Rane Precision Die Castings Inc., USA under its Overseas Investment Finance Programme. The unit at Russellville manufactures high pressure aluminium die castings for automotive applications.

on Wings (WoW). The Summit was organized to facilitate access to finance and markets for the women members of WoW belonging mostly to the small businesses. An online platform focusing on job creation for women in rural India was also launched during the summit.

The Bank, offered assistance to self help groups, non-governmental organizations, and micro and grassroots companies by affording stall space at the Surajkund Mela and Sharadotsav exhibitions.

Exim Bazaar

Exim Bank has been supporting and curating grassroots enterprises and craftsmen across India through its own exclusive handicraft and handloom exhibition called the 'Exim Bazaar'. The Bank organized three editions of Exim Bazaars, during FY 2019-20. An aggregate of 324 artisans showcased and sold handmade products representing more than 25 states. The events cumulatively attracted more than a 1,00,000 visitors.

Marketing Advisory Services (MAS)

Exim Bank seeks to help Indian firms in their globalization efforts, by proactively assisting in locating overseas distributors / buyers / partners for their products and services on a success fee basis through its MAS programme. One of the highlights in the year was the assistance provided for the development of Lacustrine Fisheries in Kibouo Lake Dalao city in Abidjan, Cote d'Ivoire. A team of competent consultants from India were identified by Exim Bank to carry out a feasibility study of the project location, followed by preparation of a Detailed Project Report.

The Bank also successfully processed a request from an importer from Sierra Leone, for procurement of manufacturing equipment for hygiene products for women, by identifying an exporter from the MSME sector in India. The negotiations effectively

उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई तथा बिक्री इन तीनों आयोजनों में आगंतुकों की संख्या कुल मिलाकर 1,00,000 से अधिक रही।

मार्केटिंग सलाहकारी सेवाएं (एमएएस)

एक्ज़िम बैंक अपने एमएएस कार्यक्रम के जरिए सफलता शुल्क के आधार पर भारतीय फर्मों के लिए विदेशों में वितरक / खरीदार / भागीदार तलाशने में सक्रियता से सहायता करते हुए उनके वैश्वीकरण के प्रयासों में मदद करता है। इस वर्ष कोत दि'वार के आबिदजान में किबाउ लेक डलाउ सिटी में लैकस्ट्रीन मत्स्य पालन के विकास के लिए प्रदान की गई सहायता प्रमुख उल्लेखनीय कार्यों में से एक है। इस परियोजना के स्थान का व्यवहार्यता अध्ययन करने और फिर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक्ज़िम बैंक द्वारा भारत से सक्षम परामर्शदाताओं की एक टीम चिह्नित की गई।

बैंक ने सिएरा लिओन के एक आयातक के अनुरोध को भी सफलतापूर्वक पूरा किया। यह अनुरोध महिलाओं के लिए हाइजीन उत्पादों के विनिर्माण उपकरण की खरीद के लिए किया गया था। बैंक ने इसके निर्यात के लिए भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र से एक निर्यातक को चिह्नित किया। इसके बाद हुई वार्ताओं में कच्चे माल, इंस्टॉलेशन और कीमत तथा उत्पादन चक्र के संबंध में आयातक द्वारा अनुरोध की गई विशिष्टताओं को प्रभावी तरीके से पूरा किया गया।

बैंक ने एक सामाजिक उद्यम को यूएई के बाजार से सफलतापूर्वक जोड़ा। यह उद्यम एकल मूल वाले (शुद्धतम रूप) शहद और शहद के सह-उत्पादों का उत्पादन करता है। इस सामाजिक उद्यम में भारत के विभिन्न हिस्सों में आदिवासी समुदाय के लोग लगे हुए हैं। बैंक ने दुबई में अपनी उपस्थिति का लाभ उठाते हुए इस उद्यम के उत्पादों को संयुक्त अरब अमीरात के बाजारों में पहुंचाया। बैंक ने भारतीय निर्यातकों के व्यवसाय, मुख्य रूप से बैग, फैब्रिक, पेंटिंग, हस्तशिल्प सामान, घरेलू साज-सज्जा के सामान जैसे एमएसएमई उत्पाद विदेशी बाजारों से सफलतापूर्वक जोड़ा।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने कोलकाता स्थित गैर-लाभकारी फेयर ट्रेड संगठन, साशा, के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू में यह व्यवस्था की गई है कि एक्ज़िम बैंक और साशा दोनों परस्पर ज्ञान/बाजार की जानकारी का आदान-प्रदान करेंगे तथा अपने विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सलाहकारी सेवाओं के जरिए संभावनाओं वाले छोटे और ग्रासरूट उद्यमों में क्षमता सृजन के लिए उनके साथ मिलकर संयुक्त रूप से काम करेंगे। वर्तमान में साशा के साथ देशभर में 5,000 दस्तकार और 100 से

श्रीलंका सरकार को प्रदान की गई 382.37 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत राइट्स लिमिटेड ने 10 डीजल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और वातानुकूलित यात्री डिब्बों सहित 6 डीजल मल्टीपल यूनिट की आपूर्ति की।

RITES Ltd. supplied 10 diesel electric locomotives and 6 diesel multiple units with air-conditioned passenger compartments under the Line of Credit of US$ 382.37 mn extended to the Government of Sri Lanka.

addressed specifications requested by the importer in terms of raw materials, installation, price and production cycle.

The Bank successfully linked a social enterprise, producing single-origin (purest form) honey and by-products of honey, by engaging tribal population in various parts of India, to the UAE market. The Bank has also successfully linked businesses of Indian exporters, predominantly MSMEs, to overseas markets for products, such as bags, fabrics, paintings, handicraft items and home furnishing.

During FY 2019-20, the Bank entered into a Memorandum of Understanding (MOU) with SASHA, a not-for-profit Fair Trade organization, based in Kolkata. The MOU entails both Exim Bank and SASHA to mutually share knowledge / market intelligence and jointly engage with promising small and grassroot enterprises, in their capacity building efforts through a range of financial and advisory services. Currently, SASHA is engaged with 5,000 artisans, over 100 craft enterprises and 16 craft lines across the country.

In July 2019, the Bank was conferred a 'Certificate of Merit' at the Karlsruhe Sustainable Finance Awards, jointly organised by the Association of

ज्यादा शिल्प उद्यम मिलकर 16 तरह की शिल्प कलाओं में काम कर रहे हैं।

जुलाई 2019 में, बैंक को 'कार्लस्रूहे सस्टेनेबल फायनेंस अवॉर्ड्स' के दौरान 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' से नवाजा गया। इसका आयोजन जर्मनी के कार्लस्रूहे शहर के साथ मिलकर एशिया प्रशांत में विकास वित्त संस्थाओं के संघ (एडफिएप), यूरोपियन ऑर्गेनाइजेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट और अफ्रीकी विकास वित्त संस्थाओं के संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैंक को यह पुरस्कार 'संपोषी वित्तीय उत्पाद और सेवाएं' श्रेणी में 'आधारिक उद्यम विकास' कार्यक्रम के लिए प्रदान किया गया।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में क्षमता विकास के लिए एक्ज़िम बैंक - यूएनडीपी सहयोग

एक्ज़िम बैंक और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) मिलकर 'पूर्वोत्तर भारत में निर्यात स्पर्धात्मकता के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में क्षमता विकास' संबंधी एक परियोजना का कार्यान्वयन कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य निर्यातों को बढ़ाने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सुदृढ़ करना है। प्रमुख रणनीतियों में भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति के अंतर्गत उभरते अवसरों का लाभ उठाना है, जिसमें इस क्षेत्र की संभावनाओं को रेखांकित किया गया है। इस परियोजना के प्रारंभिक चरण में असम और मिजोरम राज्यों पर फोकस किया गया है।

2019-20 के दौरान इस परियोजना के अंतर्गत कुछ प्रमुख पहलों में मिजोरम और असम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम

बैंक ने मलावी सरकार को लिखुबुला नदी से नई जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए 23.50 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था प्रदान की। इस परियोजना से लगभग तीन लाख निवासियों को पेयजल आपूर्ति होने की उम्मीद है।

The Bank extended a Line of Credit of US$ 23.50 mn to the Government of Malawi for construction of a new water supply system from Likhubula river. The project is expected to supply potable drinking water to nearly 300,000 residents.

Development Financing Institutions in Asia and the Pacific, the European Organization for Sustainable Development and the Association of African Development Finance Institutions, together with the City of Karlsruhe, Germany. The Bank won the award under the 'Sustainable Financial Products and Services' category in recognition of the innovative 'Grassroots Initiatives for Development' programme.

Exim Bank - UNDP Co-operation on Capacity Building of MSMEs in the North East Region

Exim Bank and the United Nations Development Programme (UNDP) are jointly implementing a project on 'Capacity Building of MSMEs in North East India for Export Competitiveness'. The initiative aims at creating stronger MSMEs in the North East region to boost exports. The key strategies include taking advantage of emerging opportunities under the Government of India's 'Act East Policy' that recognises the potential of the region. The project initially focuses on the states of Assam and Mizoram.

Some of the key initiatives under this project during 2019-20 include partnering with several pan-India institutions to identify opportunities for MSMEs, conducting studies to strengthen agricultural value chain, documenting cluster activities of agriculture, handloom and handicraft sectors and creating a UNDP-Exim Bank network of social entrepreneurs in Mizoram and Assam.

Exim Mitra

The Bank's Exim Mitra portal, provides exporters and importers a wide range of trade information services. The portal contributes to the ongoing efforts towards reducing the asymmetry in information and availability of trade finance and credit insurance facilities amongst MSME entrepreneurs. The platform also provides exhaustive trade-related

बैंक ने अवनी-कुमाऊं, उत्तराखंड के बुनकरों के लिए आयोजित की गई कौशल विकास कार्यशाला के लिए सहायता प्रदान की।

The Bank supported a skill development workshop for weavers of Avani-Kumaon, Uttarakhand.

उद्यमों के लिए अवसर चिह्नित करने, कृषि वैल्यू चेन को मजबूत करने तथा कृषि, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र की गतिविधियों के दस्तावेजीकरण और सामाजिक उद्यमियों का यूएनडीपी-एक्ज़िम बैंक नेटवर्क विकसित करने के लिए विभिन्न अखिल भारतीय संस्थाओं के साथ भागीदारी करना शामिल रहा।

एक्ज़िम मित्र

बैंक का 'एक्ज़िम मित्र' पोर्टल निर्यातकों और आयातकों को विभिन्न व्यापार सूचना सेवाएं प्रदान करता है। यह पोर्टल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के बीच जानकारी के अभाव और व्यापार वित्त तथा ऋण बीमा सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर व्याप्त असमानताओं को दूर करने की दिशा में किया गया एक प्रयास है। यह पोर्टल व्यापार से संबंधित व्यापक डाटा और जानकारी प्रदान करता है, ताकि प्रयोक्ता अपने व्यवसायों के अंतरराष्ट्रीयकरण प्रयासों में एक सूझबूझ भरा निर्णय ले सकें। इस पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारियों में अन्य के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों की मांग और उनके बाजारों; बाजार मानकों, सैनिटरी / फायटोसैनिटरी अपेक्षाओं; यूएसए और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों में नियमों और विनियमों; विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी प्रोत्साहनों; हैंडहोल्डिंग एजेंसियों के लिए संपर्क सूत्रों; दुनियाभर से शिपमेंट की लागत और उसमें लगने वाले समय की जानकारी और देश रेटिंग की जानकारियां प्रदान करना शामिल है।

बैंक निर्यातकों को व्यापार वित्त की जानकारी और मार्गनिर्देशन सुलभ कराने के लिए वाणिज्यिक बैंकों और ऋण बीमा एजेंसियों के साथ मिलकर काम करता है। बैंक ने इस

data and information, allowing the users to make informed decisions for their internationalization efforts. This, interalia, includes assessment of demand across products and markets; information pertaining to market standards, sanitary/phytosanitary requirements; rules and regulations in key markets, like the USA and the EU; government incentives across various sectors; relevant contact information for handholding agencies; cost and duration of shipments from across the globe and country ratings.

The Bank also works closely with commercial banks and credit insurance agencies to provide information and guidance to exporters. The Bank has partnered with 16 banks/financial institutions for facilitating financial services through the portal. Prospective exporters can fill and submit an online form on the portal, which captures preliminary data pertaining to loan applications. These details are then shared with participating banks. The portal, therefore, acts as a much needed intermediary between suppliers and users of trade finance.

Exim Bank recognizes that the full potential of knowledge dissemination can be fructified only

बैंक ने सूरीनाम के 50 सुदूर गांवों में सोलर डीजी हाइब्रिड पीवी सिस्टम्स के जरिए ग्रामीण विद्युतीकरण संबंधी परियोजना के वित्तपोषण के लिए 35.8 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था प्रदान की।

The Bank extended a Line of Credit of US$ 35.8 mn to finance rural electrification through solar DG hybrid PV systems in 50 remote villages in Suriname.

पोर्टल के जरिए वित्तीय सेवाएं सुगम बनाने के लिए 16 बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के साथ साझेदारी की है। भावी निर्यातक इस पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं। यह ऋण आवेदनों से संबंधित प्राथमिक डाटा संकलित करता है। यह विवरण प्रतिभागी बैंकों से साझा किया जाता है। इस प्रकार यह पोर्टल व्यापार वित्त प्रयोक्ताओं और आपूर्तिकर्ताओं के बीच एक मध्यस्थ की भूमिका निभाता है।

एक्ज़िम बैंक जानकारियों के पूर्ण प्रसार के लिए सूचना के पारस्परिक आदान-प्रदान के महत्त्व को समझता है। सूचनाओं के इस आदान-प्रदान को सुगम बनाने के लिए इस पोर्टल

through a two-way exchange of information. To facilitate this, the portal has a helpline section to cater to specific queries of exporters and importers. As on March 31, 2020, Exim Mitra had addressed more than 800 queries of exporters from various industrial segments. A majority of the queries have been from MSME exporters in labour intensive sectors such as agro and food products, textiles and garments.

Award for Business Excellence

Exim Bank and Confederation of Indian Industry (CII) joined hands in 1994, to promote 'excellence' among Indian companies through the 'CII-Exim Bank Award for Business Excellence' for best Total Quality Management practices adopted by an Indian company. The Award is based on the European Foundation for Quality Management model. In 2019, there were 14 companies which received varying levels of recognition. Kirloskar Oil Engines Ltd. and Godrej & Boyce Mfg. Co. Ltd. (Appliances Divisions) were adjudged the winners of the CII-Exim Bank Award for business excellence.

एक्ज़िम बैंक का 'बिहार से निर्यातों का संवर्धनः विश्लेषण और नीतिगत परिदृश्य' शीर्षक वाला कार्यकारी आलेख पटना में निर्यातकों के साथ परिचर्चा के दौरान जारी किया गया।

Release of Exim Bank's working paper on 'Promoting Exports from Bihar: Insights and Policy Perspectives'.

पर एक हेल्पलाइन सेक्शन है, जहां निर्यातकों और आयातकों के विशिष्ट सवालों का ध्यान रखा गया है। 31 मार्च, 2020 तक एक्ज़िम मित्र के जरिए विभिन्न उद्योग खंडों के निर्यातकों के 800 से अधिक सवालों के जवाब दिए गए हैं। इनमें से अधिकांश सवाल कृषि और खाद्य उत्पादों तथा टेक्सटाइल और गारमेंट जैसे गहन श्रम क्षेत्रों में एमएसएमई निर्यातकों की ओर से रहे हैं।

व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार

एक्ज़िम बैंक और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), किसी भारतीय कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाली उत्कृष्ट गुणवत्ता प्रबंधन पद्धतियों के लिए सीआईआई–एक्ज़िम बैंक व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार के जरिए भारतीय कंपनियों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए 1994 में साथ आए। यह पुरस्कार यूरोपियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट मॉडल पर आधारित है। 2019 में 14 कंपनियों को अलग–अलग स्तरों पर पुरस्कृत किया गया। किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स लिमिटेड और गोदरेज एंड बॉयसे मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (एप्लायंस डिवीजन) को व्यवसाय उत्कृष्टता के लिए सीआईआई–एक्ज़िम बैंक पुरस्कार के लिए चुना गया।

अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध पुरस्कार

बैंक द्वारा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध पुरस्कार की स्थापना 1989 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारतीय और विदेशी विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भारतीय नागरिकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार, विकास और संबद्ध वित्तपोषण के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना है। इस पुरस्कार के अंतर्गत ₹ 3,50,000 की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2018 के विजेता डॉ. सौम्यतनु मुखर्जी रहे। उन्हें यह पुरस्कार 'उदारीकरण, वेतन और सेक्टर वृद्धिः भारत के संबंध में सामान्य संतुलन विश्लेषण' शीर्षक वाली उनकी डॉक्टोरल थीसिस के लिए प्रदान किया गया। डॉ. मुखर्जी ने यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम, यूके से 2016 में अपनी डिग्री हासिल की थी।

भारतीय एक्ज़िम बैंक ब्रिक्स आर्थिक शोध पुरस्कार

वर्ष 2016 में ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र के अंतर्गत भारत की अध्यक्षता के दौरान बैंक ने 'भारतीय एक्ज़िम बैंक ब्रिक्स आर्थिक शोध पुरस्कार' की स्थापना की। इस पुरस्कार का उद्देश्य ब्रिक्स सदस्य देशों के लिए प्रासंगिकता रखने वाले समसामयिक विषयों पर केंद्रित उन्नत शोध अध्ययनों को बढ़ावा और प्रोत्साहित करना है। पुरस्कार स्वरूप एक प्रशस्ति पत्र और बैंक द्वारा प्रायोजित ₹ 1.5 मिलियन (लगभग 22,000 यूएस डॉलर) की सम्मान राशि प्रदान की जाती है।

एक्ज़िम बैंक का अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध वार्षिक (ईरा) पुरस्कार 2018 डॉ. सौम्यतनु मुखर्जी को प्रदान किया गया।

Exim Bank's International Economic Research Annual (IERA) Award 2018 was presented to Dr. Soumyatanu Mukherjee.

International Economic Research Award

The International Economic Research Award was instituted by the Bank in 1989. The objective of the Award is to promote research in international economics, trade, development and related financing, by Indian nationals at universities and academic institutions in India and abroad. The Award consists of a sum of ₹ 3,50,000 and a citation. The winner for the year 2018 was Dr. Soumyatanu Mukherjee, for his doctoral thesis titled 'Liberalisation, Wages and Sector Growth: General Equilibrium Analysis for India'. Dr. Mukherjee received his degree in 2016 from the University of Nottingham, UK.

Exim Bank of India BRICS Economic Research Award

During India's Presidency under the BRICS Interbank Co-operation Mechanism in 2016, the Bank instituted the Exim Bank of India BRICS Economic Research Award, with an objective to encourage and stimulate advanced research on topics of contemporary relevance to the member nations of BRICS. The Award, comprising of a citation and prize money of ₹ 1.5 million (approximately US$ 22,000) is sponsored by the Bank. The Award is open to nationals of any of the five member nations of BRICS, whose doctoral theses have been awarded a doctorate or accepted for award of a doctorate from

सीआईआई-एक्ज़िम बैंक व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार में गोदरेज एंड बॉयसे मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (एप्लायंस डिवीजन) को विजेता तथा रोल मॉडल संगठन घोषित किया गया।

Godrej & Boyce Mfg. Co. Ltd. (Appliances Division) was declared as the winner and role model organisation at the CII-Exim Bank Award for Business Excellence.

ब्रिक्स के पांचों देशों के नागरिक, जिन्हें डॉक्टोरल थीसिस के लिए डॉक्टरेट डिग्री मिल गई है या जिनकी थीसिस को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थान द्वारा डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करने हेतु स्वीकार कर लिया गया है, इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्ष 2019 के लिए यह पुरस्कार डॉ. तुषार भारती को 'विकासशील देशों में शिक्षा और शिक्षण संस्थानों पर आलेख' शीर्षक वाली उनकी डॉक्टोरल थीसिस के लिए मिला। डॉ. भारती ने यूएसए स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया से 2018 में डिग्री हासिल की थी।

any nationally accredited university or academic institution globally. The winner for the year 2019 was Dr. Tushar Bharati, for his doctoral thesis titled 'Essays on Education and Institutions in Developing Countries'. Dr. Bharati received his degree in 2018 from the University of Southern California, USA.

निर्यात संवर्द्धक के रूप में एक्ज़िम बैंक

Exim Bank as a Promoter of Exports

शोध एवं विश्लेषण

बैंक का शोध एवं विश्लेषण समूह अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार और निवेश के विभिन्न पहलुओं पर क्वालिटेटिव और क्वांटिटेटिव शोध तकनीकों के जरिए शोध अध्ययन करता है। इस समूह द्वारा ये शोध अध्ययन मुख्य रूप से क्षेत्रीय, उद्योग खंड और नीति संबंधी श्रेणियों के अंतर्गत किए जाते हैं और इन्हें प्रासंगिक आलेखों तथा कार्यकारी आलेखों, पुस्तकों आदि के रूप में प्रकाशित किया जाता है। वर्ष के दौरान, बीस शोध अध्ययन प्रकाशित किए गए, जो निम्नलिखित हैं:

1. कृषि और खेत मशीनीकरण में भारत-अफ्रीका की भागीदारी
2. भारत-म्यांमार व्यापार और निवेश: संभावनाएं और आगे की राह
3. भारत और लैटिन अमेरिका के बीच सेतुः गहन आर्थिक सहयोग के लिए नीतिगत विकल्प
4. सैडेक में विनिर्माण: मूल्य श्रृंखला को ऊपर ले जाना
5. उत्तरी अफ्रीका: भारत के व्यापार और निवेश संभावनाओं के द्वार खोलना
6. एएफसीएफटीए: अफ्रीका के आर्थिक एकीकरण में भारत के लिए अवसर
7. भारत-सीएलएमवी: एशिया में आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करना

Research and Analysis

The Bank's Research and Analysis Group offers a range of insights on aspects of international economics, trade and investments through qualitative and quantitative research techniques. The research work carried out in the Group under the broad classification of regional, sectoral and policy related studies, are published in the form of Occasional Papers, Working Papers, books, etc. Twenty research studies were published during the year. These include the following:

1. India-Africa Partnership in Agriculture and Farm Mechanisation
2. India-Myanmar Trade and Investment: Prospects and Way Forward
3. A Bridge Between India and Latin America: Policy Options for Deeper Economic Cooperation
4. Manufacturing in SADC: Moving Up the Value Chain
5. North Africa: Unlocking India's Trade and Investment Potential
6. AfCFTA: Opportunities for India in Africa's Economic Integration
7. India-CLMV: Building Supply Chains in Asia

एक्ज़िम बैंक ने जेजु आइलैंड, कोरिया में आयोजित 25वें एशियन एक्ज़िम बैंक्स फोरम की वार्षिक बैठक में हिस्सा लिया।

Exim Bank participated in the 25th Annual Meeting of Asian Exim Banks Forum held at Jeju Island, Korea.

एक्ज़िम बैंक ने इंटर–अमेरिकन डेवलपमेंट बैंक के साथ संयुक्त रूप से तैयार किया गया 'भारत और लैटिन अमेरिका के बीच सेतुः गहन आर्थिक सहयोग के लिए नीतिगत विकल्प' शीर्षक वाला संयुक्त शोध अध्ययन जारी किया।

Exim Bank released a study jointly prepared with the Inter-American Development Bank titled, 'A Bridge between India and Latin America - Policy Options for Deeper Economic Cooperation'.

8. जीसीसी देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध: व्यापार, प्रवासन और प्रेषण रुझान
9. दक्षिण कोरिया के साथ भारत के व्यापार और निवेश क्षमताओं का उपयोग करना
10. भारत और मध्य एशिया: व्यापार और निवेश संबंधों का पुनः सशक्तीकरण
11. दोराहे पर भारतीय मोटर वाहन उद्योग
12. भारतीय रासायनिक उद्योग: नई दिशाएं
13. भारतीय पैकेजिंग उद्योग: चुनौतियां और संभावनाएं
14. जीवीसी एकीकरण: भारत के निर्यातों को बढ़ाना
15. गहराता व्यापार संरक्षणवाद: भारत के लिए निहितार्थ
16. भारत से परियोजना निर्यात: पुनरुत्थान और पुनः अभिमुखीकरण के लिए रणनीति
17. चुनिंदा क्षेत्रों में निर्यातों के लिए घरेलू नीतिगत बाधाएं
18. भारत के टैरिफ नीति फ्रेमवर्क का पुनर्मूल्यांकन
19. उदारीकरण, वेतन और सेक्टर वृद्धिः भारत के संबंध में सामान्य संतुलन विश्लेषण
20. विकासशील देशों में शिक्षा और शिक्षण संस्थानों पर निबंध

एक्सपोर्ट लीडिंग इंडेक्स

एक्ज़िम बैंक ने भारत के निर्यातों में आने वाले उतार–चढ़ावों का पूर्वानुमान लगाने और उनका ट्रैक रखने के उद्देश्य से एक्सपोर्ट लीडिंग इंडेक्स (ईएलआई) तैयार करने के लिए एक आंतरिक मॉडल विकसित किया है। ईएलआई देश के निर्यातों

8. India's Bilateral Relations with the GCC Countries: Trends in Trade, Migration and Remittances
9. Realizing India's Trade and Investment Potential with South Korea
10. India and Central Asia: Revitalizing Trade and Investment Relations
11. Indian Automotive Industry: At the Crossroads
12. Indian Chemical Industry: New Directions
13. Indian Packaging Industry: Challenges and Prospects
14. GVC Integration: Enhancing India's Exports
15. Intensifying Trade Protectionism: Implications for India
16. Project Exports From India: Strategy for Reenergizing and Reorienting
17. Domestic Policy Constraints for Exports in Select Sectors
18. Relooking India's Tariff Policy Framework
19. Liberalisation, Wages and Sector Growth: General Equilibrium Analysis for India
20. Essays on Education and Institutions in Developing Countries

Export Leading Index

Exim Bank has developed an in-house model to generate an Export Leading Index (ELI) for India, to track and forecast the movement in India's exports. The ELI, gauges the outlook for the country's exports and is essentially developed as a leading indicator to forecast growth in total merchandise and non-oil exports of the country, on a quarterly basis, based on several external and domestic factors.

Exim Bank's forecasts are released during the first week of the months of June, September, December and March, for the corresponding quarters, with continuous improvisation to the model. ELI could be of interest to policy makers, researchers, and exporters, among others.

का आकलन करता है। इस मॉडल को विभिन्न बाह्य एवं घरेलू कारकों को ध्यान में रखते हुए देश के वस्तु निर्यातों और गैर-तेल निर्यातों में तिमाही आधार पर वृद्धि का पूर्वानुमान लगाने के लिए एक प्रमुख संकेतक के रूप में विकसित किया गया है।

एक्ज़िम बैंक के ये पूर्वानुमान हर तिमाही आधार पर संबंधित तिमाही के लिए जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च के पहले सप्ताह में जारी किए जाते हैं। इस मॉडल में निरंतर सुधार किया जाता है। ईएलआई अन्य के साथ-साथ नीति निर्माताओं, शोधार्थियों और निर्यातकों के लिए उपयोगी हो सकता है।

सूचना और सलाहकारी सेवाएं

बैंक कई प्रकार की सूचना, सलाहकारी और सहायता सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएं जहां बैंक के वित्तपोषण कार्यक्रमों की पूरक हैं, वहीं पॉलिसी बैंक के रूप में बैंक की भूमिका को भी रेखांकित करती हैं। ये सेवाएं बैंक के हितधारकों को प्रदान की जाती हैं, जिनमें राज्य सरकारें, भारतीय सार्वजनिक और निजी क्षेत्र तथा विदेशी संस्थाएं शामिल हैं। इन सेवाओं में राज्य सरकारों के लिए नीतिगत सुझाव और शोध अध्ययन, बाजार संबंधी सूचनाएं, क्षेत्र और व्यवहार्यता अध्ययन, प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं को चिह्नित करना, साझेदार तलाशना, क्षमता निर्माण, निवेश सुगमीकरण तथा भारत और विदेश में संयुक्त उद्यमों का विकास शामिल है।

एक्ज़िम बैंक विकासशील देशों की कई संस्थाओं को भी अपनी सलाहकारी और सहायता सेवाओं के जरिए सहायता प्रदान करता है। वर्ष के दौरान, एक्ज़िम बैंक ने घाना निर्यात-आयात बैंक (घाना एक्ज़िम) के क्षमता विकास के अपने असाइनमेंट के अगले चरण के रूप में घाना एक्ज़िम के विभिन्न समूहों के अधिकारियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए।

एक्ज़िमिअस शिक्षण केंद्र

भारतीय निर्यातकों और आयातकों के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन का उत्तरदायित्व बैंक के एक्ज़िमिअस शिक्षण केंद्र (ईसीएल) पर है। इन कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश के बारे में भारतीय निर्यातकों और आयातकों की जागरूकता बढ़ाना और भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश को सुगम बनाना है।

ईसीएल ने 2019-20 के दौरान निर्यातकों के लिए 24 सेमिनारों का आयोजन किया। इन सेमिनारों की थीम निर्यात क्षमता का

Information and Advisory Services

The Bank provides a wide range of information, advisory and support services, which complements its financing programmes whilst also underlining its role as a policy Bank. These services are provided to the Bank's stakeholders including state governments, Indian public and private sector and overseas entities. The scope of services include policy inputs and papers for the state governments, market-related information, sector and feasibility studies, technology supplier identification, partner search, capacity building exercises, investment facilitation and development of joint ventures both in India and abroad.

Exim Bank also provides assistance to a number of institutions in the developing world through its advisory and consultancy services. During the year, Exim Bank organised skill enhancement programmes for officers from Ghana Export-Import Bank (Ghana Exim), as a follow-on to a capacity building assignment.

Eximius Centre for Learning

The Eximius Centre for Learning (ECL) is responsible for organising programmes for Indian exporters and importers to enhance their awareness and facilitate India's international trade and investment.

During the financial year 2019-20, ECL conducted 24 seminars for exporters, with themes broadly classified into export capability creation, business opportunities, industry, country and region focus, and export potential of Indian states.

The Bank extends LOCs under the Indian Development and Economic Assistance Scheme (IDEAS). With the objective of raising awareness on IDEAS guidelines, the Bank partnered with the Ministry of External Affairs, GOI, to organize seminars in five tier II cities, namely, Indore, Kochi, Pune, Kanpur and Bhubaneshwar.

With merchandise exports witnessing a slowdown during the past decade, project exports present a

सृजन, व्यवसाय अवसर, उद्योग, देश और क्षेत्र पर फोकस तथा भारतीय राज्यों से निर्यात संभावनाओं से संबंधित रही।

बैंक, भारतीय विकास एवं आर्थिक सहायता योजना (आयडियाज) के अंतर्गत ऋण–व्यवस्थाएं प्रदान करता है। आयडियाज दिशानिर्देशों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बैंक ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के साथ मिलकर देश के पांच प्रमुख टियर–II शहरों में सेमिनार आयोजित किए। ये सेमिनार इंदौर, कोच्चि, पुणे, कानपुर और भुवनेश्वर में आयोजित किए गए।

बीते दशक के दौरान भारत के मर्चेंडाइज निर्यातों में मंदी के बावजूद परियोजना निर्यात ऐसा क्षेत्र है, जिसमें निर्यातों को बढ़ाने की संभावनाएं हैं। बैंक ने ‘परियोजना निर्यातों को बढ़ाने के लिए रोडमैप’ विषय पर नई दिल्ली में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार के दौरान माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में भारत से निर्यातों में आई हाल की मंदी से उबरने तथा वैश्विक बाजार में भारतीय निर्यातकों की स्पर्धात्मकता बढ़ाने

vital conduit for expansion in exports. The Bank organised a two-day seminar on the theme of ‘Building a Roadmap for Boosting Project Exports’ in New Delhi. The Hon’ble Minister of Commerce and Industry, Shri Piyush Goyal in his address highlighted the efforts taken by GOI to reverse the recent slowdown in exports and enhance competitiveness of Indian exporters in the global market.

Exim Bank, organized a seminar on ‘Stepping Up India’s Engagements in Africa’ to seek stakeholder feedback on issues impacting India-Africa bilateral trade and investments. The seminar brought together representatives from African missions, GOI and the Indian corporate sector having presence in Africa who shared insights into areas for diversification and strategies for achieving greater collaboration.

ECL partners with multilateral development banks to

एक्ज़िम बैंक के प्रकाशन ‘भारत से परियोजना निर्यातः प्रोत्साहन और संवर्द्धन के लिए रणनीति’ शीर्षक वाले प्रकाशन का विमोचन श्री पीयूष गोयल, माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया।

Exim Bank’s publication titled ‘Project Exports from India: Strategy for Reenergizing and Reorienting’ was released by Shri Piyush Goyal, Minister of Commerce and Industry, Government of India.

बैंक ने घाना निर्यात-आयात बैंक (घाना एक्ज़िम) के लिए परामर्शी कार्य पूरा किया। इसी क्रम में घाना एक्ज़िम बैंक के नौ अधिकारियों की एक टीम ने कौशल विकास कार्यक्रम के लिए एक्ज़िम बैंक का दौरा किया।

The Bank completed a consultancy assignment for the Ghana Export-Import Bank (Ghana Exim). A team of nine officers from Ghana Exim visited Exim Bank for a skill enhancement programme.

के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

एक्ज़िम बैंक ने भारत-अफ्रीका द्विपक्षीय व्यापार और निवेशों को प्रभावित करने वाले विषयों पर स्टेकहोल्डरों का फीडबैक जानने के प्रयोजन से 'अफ्रीका में भारतीय व्यवसाय को बढ़ावा' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में अफ्रीकी मिशनों, भारत सरकार और अफ्रीका में मौजूदगी रखने वाले भारतीय कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और व्यवसायों के विविधिकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों तथा बेहतर सहयोग बनाए रखने के संबंध में रणनीतियों पर चर्चा की गई।

ईसीएल, बहुपक्षीय विकास बैंकों के साथ मिलकर उनके द्वारा निधिक परियोजनाओं में व्यवसाय अवसरों पर उनके साथ मिलकर संयुक्त रूप से सेमिनारों का आयोजन करता है। वर्ष के दौरान बैंक ने एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक के साथ मिलकर दो सेमिनारों का आयोजन किया। ये सेमिनार विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं में व्यवसाय अवसरों पर आयोजित किए गए।

राज्यों से निर्यातों को बढ़ाने के लिए राज्य केंद्रित रणनीति की जरूरत को महसूस करते हुए एक्ज़िम बैंक ने वर्ष के दौरान दो सेमिनार आयोजित किए। ये सेमिनार 'छत्तीसगढ़ के लिए निर्यात रणनीति' और 'बिहार से निर्यातों का संवर्धन' विषयों पर क्रमशः रायपुर और पटना में आयोजित किए गए।

ईसीएल ने विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र से निर्यातों को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के प्रयोजन से देशभर में विभिन्न व्यापार निकायों और वाणिज्य चैंबरों के

jointly organise seminars on business opportunities in projects funded by them. During the year, the Bank partnered with the Asian Development Bank and the World Bank to organise two seminars on business opportunities in externally-aided projects.

Recognising the need for a state-focused strategy, for export promotion, Exim Bank organized two seminars during the year, titled 'Export Strategy for Chhattisgarh' and 'Promoting Exports from Bihar', held in Raipur and Patna, respectively.

ECL partnered with various trade bodies and chambers of commerce across India to organise events aimed at promoting exports, especially from the MSME sector. In association with Federation of Indian Export Organisations, the Bank organized three seminars during the year on the theme of 'Opportunities for MSMEs in International Markets' at Mysore, Rudrapur and Jodhpur. To enhance export capability of the rural and grassroots enterprises, Exim Bank partnered with Export Promotion Council for Handicrafts to organise five workshops on themes related to export documentation, export marketing, e-commerce and online trading, design trends, GST, etc. in five handicraft clusters in Puducherry, Sagar, Coimbatore, Mangaluru and Madurai. More than 600 artisans benefitted from these workshops.

With a view to reach out to a global audience keen on matters pertaining to international trade, economy, trade related policy, etc., the Bank launched a series of webinars. The webinars, christened as 'Exim Bank's Masterclass' were held on topics such as 'India's Merchandise Exports: Drivers and Growth Prospects', 'Impact of Union Budget on Select Sectors', 'Intensifying Trade Protectionism: Causes and Implications', and 'How to Export?'. Economists from the Bank as well as external experts were invited as speakers for these webinars.

Institutional Linkages

The Bank has fostered a network of alliances and institutional linkages with multilateral agencies, export credit agencies, banks and financial

साथ साझेदारी की है। बैंक ने वर्ष के दौरान भारतीय निर्यात संगठन संघ (फिओ) के साथ मिलकर मैसूर, रुद्रपुर और जोधपुर में 'अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए अवसर' विषय पर तीन सेमिनारों का आयोजन किया। ग्रामीण और ग्रासरूट उद्यमों में निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए एक्ज़िम बैंक ने हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के साथ मिलकर पांच कार्यशालाएं आयोजित कीं। ये कार्यशालाएं दक्षिण भारत के पांच हस्तशिल्प क्लस्टरों पुडुचेरी, सागरा, कोयंबटूर, मैंगलूरु और मदुरै में निर्यात दस्तावेजीकरण, निर्यात मार्केटिंग, ई–कॉमर्स और ऑनलाइन ट्रेडिंग, डिजाइन ट्रेंड, जीएसटी जैसे विषयों पर रखी गईं। इन कार्यशालाओं से 600 से ज्यादा दस्तकार लाभान्वित हुए।

बैंक ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, व्यापार संबंधी नीति जैसे विषयों में रुचि रखने वाले वैश्विक वर्ग तक पहुंचने के लिए डिजिटल प्लैटफॉर्म पर वेबिनारों की एक श्रृंखला शुरू की। इन वेबिनारों को 'एक्ज़िम बैंक की मास्टर क्लास' नाम दिया गया। ये वेबिनार 'भारत से वस्तु निर्यातः संवाहक और वृद्धि की संभावनाएं', 'केंद्रीय बजट का चुनिंदा क्षेत्रों पर प्रभाव', 'बढ़ता व्यापार संरक्षणवादः कारण और असर' और 'निर्यात कैसे करें' जैसे विषयों पर आयोजित किए गए। इन वेबिनारों के लिए वक्ताओं के रूप में बैंक के अर्थशास्त्रियों के साथ–साथ बाहर से विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया।

संस्थागत संबद्धताएं

देश के व्यापार एवं निवेश हेतु अनुकूल परिवेश तैयार करने में मदद के लिए बैंक ने बहुपक्षीय एजेंसियों, निर्यात ऋण एजेंसियों, बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं, व्यापार संवर्धन निकायों और निवेश संवर्धन बोर्डों के साथ अपने संस्थागत संबंधों का एक नेटवर्क विकसित किया है।

ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र

ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र के अंतर्गत एक्ज़िम बैंक भारत की ओर से एक नामित सदस्य विकास बैंक है। बैंक ने बुनियादी ढांचागत क्षेत्र में निजी निवेश जुटाने के लिए ब्रिक्स राष्ट्रों के विकास बैंकों के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के फ्रेमवर्क के अंतर्गत, सदस्य विकास बैंकों ने बुनियादी ढांचागत क्षेत्र में निजी निवेश

institutions, trade promotion bodies and investment promotion boards to help create an enabling environment for supporting trade and investment.

BRICS Interbank Co-operation Mechanism

Exim Bank is the nominated member development bank from India under the BRICS Interbank Co-operation Mechanism. The Bank entered into a Memorandum of Understanding (MoU) with the development banks of the BRICS nations for Mobilization of Private Investment in Infrastructure. Under the framework of the MoU, member development banks have agreed to explore the possibilities of financing, co-financing or guaranteeing of private investment in the infrastructure sphere. The Bank also participated in the Annual Meeting and the Financial Forum of the BRICS Interbank Co-operation Mechanism and associated meetings held in Rio de Janeiro, Brazil.

Asian Exim Banks Forum

The twenty-fifth Annual Meeting of the Asian Exim Banks Forum (AEBF) was hosted by the Export-Import Bank of Korea (KEXIM) at Jeju Island, Korea, in November 2019. The theme of the meeting was 'Facing a New Decade: Revisiting Asian ECAs' role in the Shifting Global Economic Landscape – Rising needs for Proactive, Flexible and Sustainable ECAs'.

एक्ज़िम बैंक का ब्रिक्स आर्थिक शोध पुरस्कार 2019, रियो डि जेनेरो, ब्राजील में आयोजित 9वें वार्षिक ब्रिक्स वित्तीय फोरम के दौरान डॉ. तुषार भारती को प्रदान किया गया।

Exim Bank's BRICS Economic Research Award 2019 was awarded to Dr. Tushar Bharati during the 9th Annual BRICS Financial Forum in Rio de Janeiro, Brazil.

के वित्तपोषण, सह-वित्तपोषण या गारंटी की संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति जताई है। बैंक ने रियो डि जेनेरो, ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र के वित्तीय फोरम की वार्षिक बैठक और अन्य संबंधित बैठकों में भी हिस्सा लिया।

एशियन एक्ज़िम बैंक्स फोरम

एशियन एक्ज़िम बैंक्स फोरम (एईबीएफ) की पच्चीसवीं वार्षिक बैठक नवंबर 2019 में जेजु आइलैंड, कोरिया में हुई। बैठक की मेजबानी एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ कोरिया (केक्ज़िम) द्वारा की गई। बैठक की थीम 'नए दशक का सामनाः बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एशियाई निर्यात ऋण एजेंसियों की भूमिका का पुनरावलोकन – सक्रिय, लचीली और संपोषी निर्यात ऋण एजेंसियों की बढ़ती जरूरत' रही। बैठक में ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मलेशिया, फिलीपींस, थाइलैंड, तुर्की और वियतनाम की सदस्य संस्थाओं से शीर्ष स्तर के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में एशियाई विकास बैंक ने स्थाई अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। एक्सपोर्ट डेवलपमेंट कनाडा, अबू धाबी फंड फॉर डेवलपमेंट और अबू धाबी एक्सपोर्ट्स ऑफिस तथा यूके एक्सपोर्ट फायनैंस ने पर्यवेक्षक संस्थाओं के रूप में हिस्सा लिया।

The meeting had representatives at the highest level from member institutions, viz., Australia, China, India, Indonesia, Japan, Korea, Malaysia, Philippines, Thailand, Turkey and Vietnam. Asian Development Bank participated in the meeting as a permanent invitee. Export Development Canada, Abu Dhabi Fund for Development & Abu Dhabi Exports Office, and UK Export Finance were invited as Observer Institutions.

In 1996, Exim Bank took the initiative of forming the AEBF. AEBF seeks to enhance economic co-operation and forge stronger linkages among its member institutions, thereby fostering a long-term relationship within the Asian Exim Banks' community. The Forum also provides a sound platform for knowledge sharing by way of training programmes that have helped the staff of the member institutions learn the best practices in areas as diverse as project financing, capital markets, ship financing, SME financing, commodity financing, country risk, cross border investment, etc.

एक्ज़िम बैंक की ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत सहायता प्राप्त रिवाटेक्स, ईस्ट अफ्रीका लिमिटेड केन्या मेडिकल सप्लाइज़ अथॉरिटी (केम्सा) के लिए मास्क बना रही है।

Rivatex, East Africa Ltd., Kenya, supported under Exim Bank's Line of Credit is producing face masks for Kenya medical supplies authority.

बैंक ने व्लादिवोस्तोक, रूस में ईस्टर्न इकनॉमिक फोरम में हिस्सा लिया, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

The Bank participated in the Eastern Economic Forum in Vladivostok, Russia, where Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi was the Chief Guest.

एक्ज़िम बैंक ने 1996 में एईबीएफ के गठन की पहल की थी। एईबीएफ का उद्देश्य अपनी सदस्य संस्थाओं के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने और मजबूत संस्थागत संबंध स्थापित करना है, ताकि एशियाई एक्ज़िम बैंक समुदाय में दीर्घकालिक संबंध स्थापित किए जा सकें। यह फोरम प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान साझा करने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करता है, जिनसे सदस्य संस्थाओं के स्टाफ सदस्यों को परियोजना वित्तपोषण, पूँजी बाजार, पोत वित्तपोषण, एसएमई वित्तपोषण, कमोडिटी वित्तपोषण, देश जोखिम, विदेशों में निवेश जैसे विविध क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियां सीखने में मदद मिली है।

इसकी वार्षिक बैठक के दौरान एक्ज़िम बैंक ने वर्ष के दौरान आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वय के लिए प्रशिक्षण समिति की अध्यक्षता का कार्यभार ग्रहण किया। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 39वें प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेजबानी एक्ज़िम बैंक ने की। यह कार्यक्रम 'दबावग्रस्त आस्तियों के लिए पूर्व चेतावनी संकेतों का चिह्नीकरण, समाधान और वसूली रणनीतियां' विषय पर आयोजित किया गया। 10 सदस्य संस्थाओं और तीन पर्यवेक्षक संस्थाओं से 31 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में फैकल्टी के रूप में एक्ज़िम बैंक से विषय विशेषज्ञों के अलावा एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ चाइना, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फायनेंस (हैदराबाद) से अधिकारियों को आमंत्रित किया गया।

Exim Bank took charge as the Chair for the Training Committee during the Annual Meeting, to coordinate the conduct of the training programmes to be held during the year. During FY 2019-20, Exim Bank hosted the 39th training programme on 'Identification of Early Warning Signals, Resolution and Recovery Strategies for Stressed Assets'. Thirty-one participants from 10 member institutions and three observer institutions attended the programme. Faculty for the programme was invited from the Export-Import Bank of China, Standard Chartered Bank and Jawaharlal Nehru Institute of Banking & Finance (Hyderabad), apart from subject specialists from Exim Bank of India.

Global Network of Exim Banks and Development Finance Institutions (GNEXID)

GNEXID was set up in Geneva in 2006 through the Bank's initiative, under the auspices of UNCTAD. With the active support of a number of other Exim Banks and Development Finance Institutions from various developing countries, the network has endeavoured to foster enhanced South-South trade and investment and co-operation. The Network

एक्ज़िम बैंकों तथा विकास वित्त संस्थाओं का वैश्विक नेटवर्क (जी-नेक्सिड)

जी-नेक्सिड की स्थापना बैंक की पहल पर अंकटाड के तत्त्वावधान में 2006 में जेनेवा में की गई थी। इस नेटवर्क ने विभिन्न विकासशील देशों के एक्ज़िम बैंकों तथा विकास वित्त संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से दक्षिण-दक्षिण व्यापार और निवेश तथा सहयोग को बढ़ाने के प्रयास किए हैं। इस नेटवर्क की वार्षिक आम बैठक जून 2019 में जेनेवा में हुई। इससे पहले इस नेटवर्क की स्टीयरिंग समिति की बैठक भी आयोजित की गई। यह बैठक संयुक्त राष्ट्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस के साथ हुई। इसके बाद, काहिरा में अक्टूबर 2019 में जी-नेक्सिड के चौथे एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी अफ्रीकी निर्यात-आयात बैंक द्वारा की गई।

स्थापना दिवस वार्षिक व्याख्यान

एक्ज़िम बैंक की स्थापना दिवस वार्षिक व्याख्यान माला की शुरुआत 1986 में की गई थी। इस व्याख्यान माला को वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डालने वाले वित्त, व्यापार और विकास के समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श तथा चर्चा के एक महत्त्वपूर्ण मंच के रूप में ख्याति प्राप्त है। 2019-20 के लिए यह व्याख्यान लंदन बिजनेस स्कूल में अर्थशास्त्र की लॉर्ड बागरी प्रोफेसर हेलेन रे ने दिया। प्रोफेसर हेलेन रे के व्याख्यान का विषय 'वित्तीय वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार' था।

एक्ज़िम बैंक का 35वां स्थापना दिवस वार्षिक व्याख्यान प्रो. हेलेन रे द्वारा दिया गया।

Exim Bank's 35th Commencement Day Annual Lecture was delivered by Prof. Helene Rey.

held its Steering Committee Meeting followed by the Annual General Meeting in Geneva in June 2019 in conjunction with the UN MSME Day. The 4th Exchange Programme of GNEXID was hosted by the African Export-Import Bank in Cairo in October 2019.

Commencement Day Annual Lecture

Exim Bank's Commencement Day Annual Lecture series, instituted in 1986, has earned recognition as an important milestone in contributing to the debate and discussions on contemporary finance, trade and development issues impacting the global economy. The lecture for FY 2019-20 was delivered by Prof. Hélène Rey, Lord Bagri Professor of Economics, London Business School. Prof. Rey spoke on the topic 'Financial Globalisation and International Financial Markets.'

एक्ज़िम बैंक का संस्थागत ढांचा

Exim Bank's Institutional Infrastructure

मानव संसाधन प्रबंधन

यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक के कुल कर्मचारियों की संख्या 354 रही, जिनमें प्रबंधन स्नातक, सनदी लेखाकार, बैंकर, अर्थशास्त्री, विधि, पुस्तकालय एवं प्रलेखीकरण विशेषज्ञ, इंजीनियर, भाषा विशेषज्ञ, मानव संसाधन, मार्केटिंग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ शामिल हैं। बैंक एक ''लर्निंग संस्था'' के रूप में अपने अधिकारियों के कौशल का निरंतर उन्नयन करने के लिए विभिन्न समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। अधिकारियों को विशिष्ट पोर्टफोलियो संभालने के लिए उनके कौशल विकास के उद्देश्य से उन्हें ई-लर्निंग सहित विशिष्ट समूह प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सेमिनारों के लिए नामित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक के 245 अधिकारियों ने बैंक के परिचालनों से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम क्लाउड सिक्योरिटी एंड ऑडिट, धनशोधन निवारण, डिस्ट्रेस्ड आस्तियों का समाधान, प्रोक्योरमेंट पॉलिसी फ्रेमवर्क, क्रेडिट रेटिंग, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बॉन्ड मैथमेटिक्स, भारतीय ट्रेजरी बाजार जैसे विभिन्न विषयों पर आयोजित किए गए। स्टाफ सदस्यों को तनाव प्रबंधन, वर्क-लाइफ बैलेंस और व्यक्तिगत प्रभावशीलता जैसे विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

Human Resources Management

The Bank's staff, comprising management graduates, chartered accountants, bankers, economists, legal, library and documentation experts, engineers, linguists, human resources, marketing and IT specialists, numbered 354 as on March 31, 2020. The Bank organises various group training programmes, facilitating continuous upgradation of skills of its staff. Officers are also nominated for customised training programmes and seminars including e-learning, aimed at enhancing skill sets for handling highly-specialised portfolios. During FY 2019-20, 245 officers attended training programmes and seminars on various subjects relevant to the Bank's operations ranging from Cloud Security and Audit, Anti-Money Laundering, Resolution of Distressed Assets, Procurement Policy Framework, Credit Rating, Operational Risk Management, Bond Mathematics, Indian Treasury Market. Training in Stress management, Work-life balance, Time Management and Personal Effectiveness, was provided to staff members.

बैंक ने पालघर, महाराष्ट्र में कम लागत वाली सैनिटरी नैपकिन विनिर्माण सुविधा की स्थापना के लिए डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को अनुदान प्रदान किया। इससे वहां की स्थानीय महिलाओं को व्यक्तिगत हाइजीन के लिए जरूरी चीजें सुलभ हुईं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हुए।

The Bank provided a grant to the Don Bosco Institute of Technology to set up a low-cost sanitary napkin making facility in Palghar, Maharashtra. The facility made the essentials of personal hygiene accessible to the local women and also created a few job opportunities for women.

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक के 70 प्रतिशत अधिकारियों को प्रतिष्ठित संस्थानों और आंतरिक प्रशिक्षकों द्वारा आयोजित 93 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया गया।

अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व

यथा 31 मार्च, 2020 को बैंक की सेवा में कुल 354 स्टाफ सदस्यों में 38 अनुसूचित जाति, 24 अनुसूचित जनजाति और 59 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से रहे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के स्टाफ सदस्यों को बैंक द्वारा समान अवसर और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

'कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013' (अधिनियम) के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति

बैंक कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता है। बैंक में उक्त अधिनियम के अनुरूप, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष पर एक नीति लागू है। बैंक के सभी कर्मचारियों ने बैंक द्वारा कार्यान्वित इस नीति को पढ़ लिया है, स्वीकार किया है तथा वे इससे अवगत हैं।

इस अधिनियम के अनुपालन में बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न संबंधी घटनाओं की शिकायतों पर विचार करने के लिए अधिनियम में परिभाषित अनुसार आंतरिक शिकायत समितियों का गठन किया है। इन समितियों की नियमित बैठकें हुई हैं और बैंक के सभी कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए इस संबंध में जागरूकता सत्रों का आयोजन भी किया गया। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, आंतरिक शिकायत समितियों को कोई शिकायत नहीं मिली।

ट्रेजरी

बैंक की एकीकृत ट्रेजरी अतिरिक्त निधियों के निवेश, मुद्रा बाजार, फॉरेक्स परिचालनों तथा प्रतिभूतियों की खरीद–बिक्री सहित निधि प्रबंधन का कार्य देखती है। बैंक में फ्रंट/ मिडल / बैक ऑफिस कार्यों को अलग–अलग रखते हुए आधुनिकतम डीलिंग रूम बनाया हुआ है। बैंक की ट्रेजरी अपने ग्राहकों को विदेशी मुद्रा सौदे, निर्यात दस्तावेजों की वसूली/ परक्रामण, अंतरदेशीय / विदेशी साख–पत्र / गारंटियां,

During FY 2019-20, 70 per cent of the Bank's officers were nominated for 93 training programmes conducted by reputed institutes and by internal trainers.

Representation of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other Backward Classes

Of the total staff of 354 in the Bank's service as on March 31, 2020, there were 38 Scheduled Caste, 24 Scheduled Tribe and 59 Other Backward Class staff members. Equal opportunities and training is provided by the Bank to staff members belonging to SCs, STs and OBCs.

Internal Committee under 'The Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013' (the Act)

The Bank has zero tolerance for sexual harassment at the workplace and has adopted a Policy on Prevention, Prohibition and Redressal of Sexual Harassment of Women at the Workplace, in line with the Act and the Rules made thereunder. All employees of the Bank have read, acknowledged and are aware of the Policy implemented by the Bank.

In compliance with the Act, the Bank has constituted Internal Complaints Committees for considering complaints of sexual harassment of women at the workplace as defined under the Act. The committees have held regular meetings and also organised awareness sessions for employees at all offices of the Bank. No complaint was received by the Internal Complaints Committees during the FY 2019-20.

Treasury

The Bank’s integrated treasury handles fund management functions including investment of surplus funds, money market and forex operations and securities trading. The Bank has segregated front/middle/back office functions and has set up a state-of-the-art dealing room. The range of products

संरचित ऋण आदि विभिन्न प्रकार के उत्पाद प्रदान करती है। बैंक अपने बाजार जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से न्यून लागत पर निधियां जुटाने और बैलेंस शीट एक्सपोज़र की हेजिंग के लिए फायनेंशल डेरिवेटिव संव्यवहारों का भी उपयोग करता है। बैंक भारतीय वित्तीय नेटवर्क का सदस्य है और बैंक को इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी, प्रमाणीकरण प्राधिकरण से रजिस्ट्रेशन प्राधिकारी का दर्जा प्राप्त है। बैंक को आरबीआई के निगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम ऑर्डर मैचिंग सेगमेंट के जरिए सौदा करने के लिए डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त है। यह भारत सरकार की प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय के लिए इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन का एक मंच प्रदान करता है। बैंक की प्रतिभूतियां तथा विदेशी मुद्रा लेनदेन मुख्यतः भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) द्वारा प्रदान की गई गारंटित निपटान सुविधा के जरिए किए जाते हैं। बैंक सीसीआईएल के ट्राय-पार्टी रेपो डीलिंग सिस्टम (ट्रेप्स) और क्लीयरकॉर्प ऑर्डर मैचिंग सिस्टम (क्रोम्स) का सदस्य है। ट्रेप्स और क्रोम्स सीसीआईएल द्वारा शुरू किए गए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग इनेबल्ड एनोनिमस ऑर्डर मैचिंग प्लेटफॉर्म हैं, जो सभी प्रकार की सरकारी प्रतिभूतियों की T+0/T+1 आधार पर बाजार रेपो दरों में खरीद-बिक्री को सुगम बनाता है। सीसीआईएल सभी ट्रेप्स / क्रोम्स लेनदेनों के लिए केंद्रीय काउंटरपार्टी के रूप में काम करती है। सभी निपटान सीसीआईएल द्वारा गारंटित होते हैं। बैंक सीसीआईएल के फॉरेक्स डीलिंग सिस्टम एफएक्स-क्लीयर सेग्मेंट का सदस्य भी है। बैंक में लंदन शाखा से कनेक्टिविटी के साथ केन्द्रीकृत स्विफ्ट सुविधा भी है, जो 'मल्टिपल बैंक आइडेंटिफायर कोड्स' को संभालने में सक्षम है।

पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) फ्रेमवर्क

बैंक में संपोषी विकास / उत्तरदायित्वपूर्ण वित्तपोषण के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित ईएसजी नीति लागू है। यह नीति संबंधित मेजबान देश के विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करती है और कंसोर्शियम के सभी ऋणदाताओं के लिए एक समान नीतिगत दृष्टिकोण की परिकल्पना करती है। बैंक, बैंकों के लिए संपोषी फ्रेमवर्क संबंधी भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की अगुआई वाले मंच का भी सदस्य है। आईबीए ने दिशानिर्दे शों के सिद्धांत 2 अर्थात ऋण मूल्यांकन प्रक्रिया में ईएसजी आधारित जोखिम विश्लेषण को शामिल करने के साथ-साथ, दिशानिर्देशों के सिद्धांत 4 अर्थात ग्रीन फायनेंस के नए तरीकों

offered by the Bank's treasury to its borrowers include foreign exchange deals, collection/ negotiation of export documents, issuance of inland/foreign letters of credit/guarantees, structured loans, etc. The Bank uses financial derivative transactions for raising cost effective funds and hedging its balance sheet exposures, with the objective of reducing market risks. The Bank is a member of the Indian Financial Network and has registration authority status from Institute for Development Research in Banking Technology, the certifying authority. The Bank holds a digital certificate to deal through the Negotiated Dealing System-Order Matching segment of RBI, which provides the electronic dealing platform for trading in GOI securities. The securities/foreign exchange transactions of the Bank are routed through the Guaranteed Settlement Facility provided by the Clearing Corporation of India Ltd. (CCIL). The Bank is a member of Tri-Party Repo Dealing System (TREPS) and Clearcorp Order Matching System (CROMS), the Repo Dealing Systems of CCIL. TREPS and CROMS are Straight Through Processing enabled anonymous Order Matching Platforms launched by CCIL for facilitating dealing in market repos in all kinds of Government Securities on T+0/ T+1 basis. CCIL acts as a central counterparty to all TREPS/ CROMS trades and settlements are guaranteed by CCIL. Also, the Bank is a member of FX-Clear segment, the forex dealing system of CCIL. The Bank has centralized SWIFT facility (with connectivity to the London Branch) which is capable of handling multiple Bank Identifier Codes.

Environmental, Social and Governance (ESG) Framework

The Bank has in place a Board-approved ESG Policy for Sustainable Development / Responsible Financing. The Policy seeks to ensure compliance with the respective host country regulations and envisages evolution of a common policy approach

का इस्तेमाल करते हुए हरित निवेश के विभिन्न पहलुओं की दिशा में आगे बढ़ने के एक्ज़िम बैंक के प्रयासों की सराहना की है।

बैंक अपने विभिन्न वित्तपोषण कार्यक्रमों के जरिए भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपोषी बैंकिंग को बढ़ावा दे रहा है। बैंक अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा क्षमता, कचरा प्रबंधन, जन परिवहन और कम उर्जा की खपत करने वाले परिवहन के साधनों जैसे क्षेत्रों में परियोजनाओं का वित्तपोषण कर रहा है। बैंक अपनी आधारभूत उद्यम विकास पहलों के जरिए समावेशी विकास को भी बढ़ावा दे रहा है। एक्ज़िम बैंक को विकास वित्त संस्थाओं के लैटिन अमेरिकी संघ (एलीडे) द्वारा संपोषी वित्तपोषण कार्यक्रम श्रेणी में वर्ष 2019 के लिए सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां अपनाने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन स्पेन के मैड्रिड में एलीडे की 49वीं आम सभा के दौरान किया गया।

बैंक ईएसजी से संबंधित पैरामीटरों के लिए अपने आंतरिक परिचालनों की समीक्षा भी करता रहा है। बैंक ने न्यूनतम ऊर्जा की खपत सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रिकल ऑडिट

for all lenders in the consortium. The Bank is also a part of the deliberations led by the Indian Banks Association (IBA) on a sustainability framework for banks. The IBA has appreciated the efforts of the Bank, among others, for moving forward on Principle 2 of the Guidelines, i.e. integrating ESG-based risk assessment into the credit appraisal process, as well as making forward strides on aspects of green investment using new modes of green finance, which is Principle 4 of the Guidelines.

The Bank has been promoting sustainable banking both in India as well as internationally through its various financing programmes. The Bank has been funding projects in areas such as renewable energy, energy efficiency, waste management, mass transportation and energy efficient transport. The Bank is promoting inclusive growth through its Grassroots Initiatives and Development programme.

एक्ज़िम बैंक के स्टाफ और उनके परिजनों ने पर्यावरण कार्यकर्ता श्री अफरोज शाह के साथ मिलकर मुंबई में वर्सोवा और दाना पानी समुद्र तट के सफाई अभियानों में हिस्सा लिया।

Exim Bank's staff and their family members participated with environment activist Mr. Afroz Shah for cleaning of the Versova and Dana Pani beaches in Mumbai.

एक्जिम बैंक ने सिएरा लिओन सरकार को हाइड्रॉलिक्स, जल प्रबंधन प्रणाली और ट्रैक्टरों के प्रावधान सहित भूमि और बुनियादी ढांचागत विकास के लिए 30 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था प्रदान की।

Exim Bank extended a Line of Credit of US$ 30 mn to the Government of Sierra Leone for land and infrastructure development including hydraulics, water management system and provision of tractors.

और इससे जुड़े अन्य उपाय भी किए हैं। मुंबई के वाल्केश्वर में स्थित बैंक के स्टाफ क्वार्टरों में सोलर पैनल भी लगाए गए हैं। बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय में एलईडी लाइटें और शौचालयों में मोशन सेंसर लाइटें लगवाई हैं, जिससे ऊर्जा की खपत को उल्लेखनीय रूप से कम करने में मदद मिली है।

बैंक कार्यालयीन कार्यों का डिजिटलीकरण करते हुए कागज के प्रयोग को घटा रहा है। इस दिशा में विभिन्न बैठकों की कार्यसूची ऑनलाइन भेजने के साथ-साथ ई-ग्रीटिंग; और विभिन्न अवसरों एवं समारोहों के लिए ई-आमंत्रण पत्रों का उपयोग किया गया है। वीडियो / टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के प्रयोग से कार्बन फुटप्रिंट कम करने में मदद मिलती है। बैंक ने अपने स्टाफ सदस्यों को प्रदान किए आवासों की सोसायटियों में वृक्षारोपण अभियान चलाकर अपने 'गो ग्रीन' प्रयासों को भी बढ़ावा दिया है। कार्यालय परिसर में कागज के कपों के स्थान पर कांच के कपों का प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त , बैंक के विभिन्न बैठक कक्षों में भी प्लास्टिक की बोतलों के स्थान पर कांच की बोतलें प्रयोग में लाई जा रही हैं। भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' के अनुरूप, बैंक के स्टाफ ने मुंबई के पर्यावरण कार्यकर्ता श्री अफरोज शाह के साथ मिलकर समुद्र तट सफाई अभियानों में हिस्सा लिया।

सामाजिक रूप से उत्तरदायी संस्था के रूप में बैंक महिला सशक्तीकरण और वंचित बच्चों के उत्थान संबंधी विभिन्न नेक कार्यों में सदैव सहयोग प्रदान करता रहा है। बैंक ने विभिन्न कार्यक्रमों में पुष्पगुच्छ प्रदान करने के बजाय अपने अतिथि के नाम से किसी सामाजिक कार्य (जैसे अक्षय पात्र)

Exim Bank was awarded for its best practices in the Category of Sustainable Financing Programme in the Latin American Association of Development Financing Institutions (ALIDE) Awards for 2019, held at the 49^{th} General Assembly of ALIDE in Madrid, Spain.

The Bank has been reviewing its internal operations for ESG-related parameters. The Bank has taken up electrical audit and associated measures for optimising energy consumption. Solar panels have been installed at the Bank's staff quarters in Walkeshwar, Mumbai. The Bank has installed LED lights in the work areas and motion sensor lights in its washrooms at its Head Office which has considerably reduced energy consumption.

